कोटद्वार, बुधवार
4 सितम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 129 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### 16 वर्षीय लड़की से फूफा ने जंगल में ले जाकर किया दुष्कर्म

हल्द्वानी। नैनीताल जिले में महिला अपराध की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। एक बार शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। जहां एक 16 वर्षीय लड़की के साथ उसके फूफा ने जंगल में ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। अब पुलिस पीड़िता के पिता के तहरीर पर आगे की कार्रवाई कर रही है। बताया जा रहा है कि फूफा और लड़की दोनों उधम सिंह नगर के रहने वाले हैं। आरोपी ने हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र के टांडा के जंगल में घटना को अंजाम दिया। जिसके बाद फूफा भाग गया।

जबकि, पीड़ित लड़की किसी तरह से उसके चंगुल से बचकर टांडा पुलिस चौकी पहुंची और आपबीती बताई। जिसे सुन चौकी में मौजूद पुलिसकर्मियों के हाथ–पांव फूल गए। नौकरी के बहाने ले गया, रास्ते में बिगड़ गई नीयतः इसके बाद पुलिस पूरे मामले में कार्रवाई में जुट गई है। उधर, पीड़िता के पिता ने भी थाने में आकर आरोपी फूफा के खिलाफ केस दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि लड़की का फूफा उसे नौकरी दिलवाने के बहाने बाइक पर बैठाकर हल्द्वानी ले जा रहा था। तभी रास्ते में टांडा क्षेत्र में उसकी नीयत बिगड़ गई और उसे जंगल के अंदर ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी नितिन लोहानी ने बताया कि पीड़िता के पिता की ओर से तहरीर आई है। पूरे मामले में पुलिस आरोपी फूफा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि घटना मंगलवार यानी 3 सितंबर की है। उन्होंने बताया कि फूफा और पीड़िता दोनों उधम सिंह नगर के रहने वाले हैं। जबकि, घटनास्थल हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र के टांडा जंगल का है। जिसके चलते हल्द्वानी में मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई चल रही है। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### देश की मिट्टी से प्यार करने वाला हर व्यक्ति भाजपा से जुडना चाहता है : सीएम योगी

लखनऊ ,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ में भाजपा के प्रदेश सदस्यता अभियान में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस अभियान को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक साधारण और सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य पूरा करें।

सीएम योगी ने कहा कि भाजपा के प्रति लोगों के मन में श्रद्धा और सम्मान का भाव है और भारत की माटी से प्यार करने वाला हर व्यक्ति भाजपा से जुड़ना चाहता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह अभियान न केवल उत्तर से लेकर दक्षिण और पूरब से लेकर पश्चिम तक, बल्कि हर उस व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास है जो भाजपा से जुड़ना चाहता है। जब हम उन लोगों तक नहीं पहुंचते हैं, तो उन्हें पीड़ा होती है और वे जाति, क्षेत्र, भाषा जैसी संकीर्णताओं के दायरे में आ जाते हैं, जो भारत की सामाजिक ताने–बाने को छिन्न–भिन्न करती है। उनका लक्ष्य होना चाहिए कि हर व्यक्ति तक पहुंचा जाए, जो हमारी प्रतीक्षा कर रहा है।

### पाकिस्तान में बारिश से संबंधित घटनाओं में 293 की मौत, 564 घायल

इस्लामाबाद ,पाकिस्तान में पिछले दो महीनों के दौरान बारिश से संबंधित घटनाओं में कुल 293 लोग मारे गए और 564 अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने दी है। एजेंसी ने कहा कि देश के विभिन्न इलाकों में भारी बारिश के कारण 19,572 घर, 39 पुल और कई विद्यालय आंशिक रूप से या पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। एजेंसी ने बताया कि 01 जुलाई से 31 अगस्त तक लगभग 1,077 पशुधन भी मारे गए हैं।

सबसे अधिक नुकसान और हताहतों की खबर पूर्वी पंजाब प्रांत से मिली, जहां मूसलाधार बारिश के कारण 112 लोगों की जान चली गई और 302 अन्य घायल हुए हैं। इसके बाद उत्तर–पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 88 लोगों की मौत और 129 घायल हुए। एजेंसी ने कहा कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में मध्यम स्तर से भारी बारिश होने की उम्मीद है।

# प्रशासन और आबकारी विभाग की शराब के ठेकों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

## स्टॉक रजिस्टर मेंटेन और ओरवरेटिंग की शिकायत सही पाए जाने पर दुकानें होंगी सीज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रशासन और आबकारी विभाग की टीम मंगलवार को पूरे प्रदेश में 100 से ज्यादा अधिक शराब की दुकानों पर छापेमारी अभियान चला रही है। औचक चले इस अभियान से ठेका संचालकों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। लंबे समय से सीएम धामी को प्रदेश में शराब की दुकानों पर ओवररेटिंग और प्रदेश के कई क्षेत्रों में शराब की तस्करी की शिकायतें मिल रही थी, जिस पर सीएम धामी ने प्रशासन और आबकारी विभाग को अभियान चलाते हुए इस पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे। टीम ने मंगलवार को पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर, ऊधम सिंह नगर, चंपावत, हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पौड़ी गढ़वाल जनपद में छापेमारी अभियान



चलाया। सीएम धामी के सख्त निर्देश हैं कि यदि दुकानों पर ओवर रेटिंग की शिकायत सही मिलती है और स्टॉक और बिक्री रजिस्टर मेंटेन नहीं मिलता तो दुकानों को सीज किया जाए। प्रदेश में ओवर रेटिंग और शराब की तस्करी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। टीम को समय-समय पर अभियान चलाने और तस्करी करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### तीन दिवसीय दौरे पर पीएम मोदी ब्रुनेई– सिंगापुर रवाना


नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को ब्रुनेई दारुस्सलाम और सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गए। भारत–ब्रुनेई दारुस्सलाम के राजनयिक संबंधों ने 40 साल पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ब्रुनेई दारुस्सलाम के सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया से मिलने पहुंच रहे हैं। पीएम मोदी की ब्रुनेई दारुस्सलाम की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। इस यात्रा को लेकर पीएम ने अपनी भावनाएं एक्स पर व्यक्त कीं। कहा, अगले दो दिनों में मैं ब्रुनेई दारुस्सलाम और सिंगापुर का दौरा करूंगा। इन देशों में विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान, भारत के इन देशों के साथ संबंधों को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। पोस्ट में मुलाकात का पूरा ब्योरा दिया गया है। आगे लिखा है, भारत–ब्रुनेई दारुस्सलाम राजनयिक संबंधों ने 40 शानदार वर्ष पूरे कर लिए हैं। मैं महामहिम सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया से मिलने के लिए उत्सुक हूं। सिंगापुर में, मैं राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम, प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, वरिष्ठ मंत्री ली हिसयन लूंग और ईएसएम गोह चोक टोंग के साथ बातचीत करूंगा। हम प्रमुख क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं। पीएम मोदी 4 सितंबर को ब्रुनेई से सिंगापुर के लिए रवाना होंगे। वहां पहुंचकर वे सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम, प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, वरिष्ठ मंत्री ली हिसयन लूंग और एमेरिटस वरिष्ठ मंत्री गोह चोक टोंग से मुलाकात करेंगे।

# कोसी नदी के बहाव में बहे 2 लोग, एक की मौत

अल्मोड़ा। सोमेश्वर थाना क्षेत्र में कोसी नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक व्यक्ति को बचा लिया गया। मृतक का शव पीएम को भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नदी पार कर रहे 02 व्यक्तियों में से एक की नदी में डूबने से मौत हो गई। मंगलवार दोपहर सोमेश्वर थाने में सूचना मिली कि दो व्यक्ति कोसी नदी में डूब गए हैं।

सूचना पर सोमेश्वर थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह मय पुलिस बल आपदा उपकरण लेकर मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर एक व्यक्ति नदी का पत्थर पकड़ा हुआ मिला और वहीं दूसरा व्यक्ति नदी में अचेत अवस्था में डूबा मिला। जनता एवं पुलिस कर्मियों के सहयोग दोनों व्यक्तियों को नदी से निकाला गया। डूबे व्यक्ति की पहचान महेंद्र राम (35 वर्ष) पुत्र देव राम निवासी ग्राम ओकाली सोमेश्वर के





रूप में हुई और दूसरे की पहचान अमर बहादुर पुत्र दल बहादुर निवासी ग्राम चिनगड़ा गाओ, जिला सुरखेत, नेपाल हाल निवासी दडमियां सोमेश्वर के रूप में हुई। दोनों को पुलिस द्वारा निजी वाहन से सरकारी अस्पताल सोमेश्वर ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों द्वारा महेंद्र राम को मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद अस्पताल में मृतक के परिजन पहुँच गए। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि दोनों व्यक्ति कोसी नदी को पार कर गांव की ओर जा रहे थे तेज़ बहाव में संभल नहीं पाए। पुलिस द्वारा पंचायत नामे की कार्यवाही कर मृतक के शव को पीएम हेतु भेजा जा रहा है। वहीं अमर बहादुर को प्राथमिक उपचार देकर घर भेजा गया है।

# सभी ग्राम पंचायतों को फार्म मशीनरी बैंक योजना से जोड़ा जाए : धामी

## ● राज्य में पॉलीहाउस के निर्माण में तेजी लाएं, प्राकृतिक खेती को दे बढ़ावा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में कृषि और उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में किसानों की आर्थिकी को और तेजी से बढ़ाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किये जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक पैकेज के रूप में मिले। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का पूरा लाभ किसानों को मिले इसके लिए राज्य और जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों को फार्म मशीनरी बैंक योजना से जोड़ा जाए।मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि पॉलीहाउस के निर्माण में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए पॉलीहाउस योजना सहायक सिद्ध होगी, इनके निर्माण में लेटलतीफी करने वाले



अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक साल के लिए निर्धारित लक्ष्य के हिसाब से राज्य में पॉलीहाउस का निर्माण किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि यंत्रीकरण योजना से किसानों को लाभान्वित किया जाए। इस योजना के तहत अनेक कृषि यंत्रों पर 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मिलेट को बढ़ावा देने के लिये और कारगर प्रयासों की जरूरत है। कहा कि मिलेट उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये कृषि क्षेत्र बढ़ाने के साथ उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक साल का एक्शन प्लान बनाया जाए। उत्पादों की वैल्यू एडिशन पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने फार्म मशीनरी बैंक योजना से किसानों को तेजी से जोड़ने, राज्य में प्राकृतिक खेती को और बढ़ावा देने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि राज्य में एप्पल और कीवी मिशन के तहत तेजी से कार्य किये जाएं। उन्होंने कहा कि सेब के उत्पादन में वृद्धि के साथ ही पैकेजिंग और मार्केटिंग की दिशा में भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सेब और कीवी उत्पादन में वृद्धि राज्य में किसानों की आर्थिकी को बढ़ाने में गैम चेंजर साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में ऐरोमा के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं है। ऐरोमैटिक सेक्टर किसानों की आय बढ़ाने में काफी कारगर साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि किसानों को ऐरोमैटिक खेती के लिए अधिक से अधिक प्रेरित किया जाए। बैठक में कृषि मंत्री गणेश जोशी, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव एस.एन. पाण्डेय, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, आनंद स्वरूप, सुश्री दीप्ति सिंह, निदेशक सगंध पौध केंद्र नृपेन्द्र चौहान एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### गणेश चतुर्थी को लेकर सजने लगे बाजार

ऋषिकेश। सात सिंतबर से शुरू होने वाली गणेश चतुर्थी की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बाजार में मिट्टी, पीओपी की मूर्तियां दुकानों पर सजने लगी हैं। श्रद्धालु गणेश प्रतिमाएं खरीदने में लग गए हैं। गणेश चतुर्थी आने ही वाली है और भगवान गणेश के भक्तों ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस साल 10 दिनों तक चलने वाला यह त्योहार 7 सितंबर से शुरू होकर 17 सितंबर तक चलेगा। बाजार में मिट्टी, पीओपी, आदि की मूर्तियां दुकानों पर सजने लगी हैं। मूर्तिकारों ने गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मूर्तियों पर रंग रोगन से लेकर आकर्षक परिधान चढ़ाये जा रहे है। वहीं बाजार में भी दुकानों पर मूर्तियां सज गईं हैं। ऋषिकेश में नगर निगम के समक्ष हरिद्वार मार्ग, सुभाष चौक, मुखर्जी मार्ग आदि जगहों पर गणेश प्रतिमा की दुकाने लग गई हैं।

नगर निगम के समक्ष लगी दुकान के संचालक देहरादून के अजय कुमार ने बताया कि उन्होंने लगभग सभी मूर्तियां बनाकर तैयार कर ली है और उनके पास 100 रुपए से लेकर 16000 रुपए तक की मूर्तियां उपलब्ध है। कहा कि पिछले सालों में मिट्टी के गणेश की प्रतिमाओं की मांग बढ़ी है, लेकिन वहीं कुछ ग्राहक मिट्टी की मूर्ति के दाम सुनकर पीओपी की मूर्ति को प्राथमिकता दे रहे है।

# राज्य कर्मचारियों को मिलेगी कारपोरेट सैलरी पैकेज की सुविधा

**– राज्य कर्मचारियों को अपना वेतन खाता किसी भी बैंक में खोलने या स्थानांतरित करने की छूट होगी**

देहरादून। राज्य सरकार के कर्मचारियों को बैंकों में सैलरी सेविंग एकाउंट के एवज में कारपोरेट सैलरी पैकेज की सुविधा मिलेगी। पैकेज के तहत उन्हें दुर्घटना बीमा, बच्चों की शिक्षा और बच्चों की शादी के लिए तमाम तरह के लाभ मिल सकेंगे। इसके लिए उन्हें अलग से प्रीमियम भी नहीं देना होगा। राज्यपाल ने इसके लिए राज्य सरकार को पांच प्रमुख बैंकों से अनुबंध करने की मंजूरी दे दी है। पिछले दिनों प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। अपर मुख्य सचिव वित्त आनंद बर्द्धन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। राज्य सरकार की ओर से बैंकों के साथ अनुबंध करने के लिए निदेशक, कोषागार, पेंशन एवं हकदारी को अधिकृत किया गया है। पहले चरण में वह स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा,



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक और जिला सहकारी बैंक के साथ अनुबंध होगा। भविष्य में वित्त विभाग शासन की आवश्यकतानुसार अन्य बैंकों को भी कॉरपोरेट सेविंग बैंक सैलरी पैकेज योजना के तहत शामिल करने का निर्णय लेगा। यह योजना बैंक अपने संसाधनों से लागू करेगा और खाताधारकों के कल्याण के लिए यह पूरी तरह से निशुल्क होगी। योजना का लाभ उपलब्ध कराने के संबंध में राज्य का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

# केमिकल वाला पानी पीने से लोगों की बिगड़ी तबीयत

## 50 से ज्यादा पहुंचे अस्पताल; सोसाइटी में मचा हडकंप

नोएडा , ग्रेटर नोएडा की ईको विलेज–2 सोसायटी में सोमवार की दोपहर से हाहाकार मचा हुआ है। यहां 50 से अधिक लोग बीमार हो गए हैं। यह सभी लोग सोसायटी की टंकी से सप्लाई होने वाला पानी पीकर बीमार पड़े हैं। इन सभी लोगों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं कुछ लोगों को जरूरी दवाएं देकर और कुछ को एहतियात बरतने की हिदायत देकर घर भेजा है। डॉक्टरों के मुताबिक सोसायटी में यह स्थिति दूषित पानी पीने की वजह से बनी है।सोसायटी वासियों के मुताबिक दो दिन पहले यहां टंकी की सफाई हुई थी। इसके लिए केमिकल का इस्तेमाल किया गया



था, लेकिन टंकी में डाला गया केमिकल पूरी तरह से साफ किए बिना इस टंकी में पानी भर दिया गया और यही पानी घरों में सप्लाई भी कर दिया गया। इधर, यह पानी जिस किसी ने पीया, बीमार होता चला गया। सोसायटी वासियों के मुताबिक वैसे तो मरीजों की संख्या काफी ज्यादा है, लेकिन इनमें 4 बच्चों की हाल नाजुक है। उन्हें फिलहाल अस्पताल में ही भर्ती किया गया है और डॉक्टरों की सघन निगरानी में उनका इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस सोसायटी के ज्यादातर लोगों में कॉमन समस्या है। सभी को उल्टियां हो रही हैं और लोग दस्त की समस्या से पीड़ित है। सभी लोगों में डिसेंट्री के लक्षण नजर आ रहे हैं। फिलहाल डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया है। सोसायटी में हालात खराब होते देख सभी लोगों ने बाहर से पानी मंगा कर पीना शुरू कर दिया है। चूंकि अचानक से पानी की डिमांड बढ़ी है, ऐसे में सोसायटी में पानी पहुंचाने वाले वेंडर की भी पानी पहुंचाते पहुंचाते हालत खराब हो गई है। वेंडर के मुताबिक हर फ्लैट में दो से तीन बोतल की सप्लाई की जा रही है।

### दर्दनाक हादसा : ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरे वाहन को मारी टक्कर, 7 की मौत–आठ घायल

जींद , हरियाणा में एक बहुत की बड़ा दर्दनाक हादसा हुआ है। जहां जींद के नरवाना के पास एक ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी टाटा मैजिक को टक्कर मार दी। इस हादसे में 3 महिलाओं समेत 7 श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 8 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार नरवाना के सिविल अस्पताल में किया जा रहा है, जहां से उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। हादसा सोमवार देर रात करीब 12:30 बजे हुआ, जब कुरुक्षेत्र के मर्छेदी गांव के 15 श्रद्धालु टाटा मैजिक में सवार होकर राजस्थान के गोगामेड़ी धाम पर पूजा करने जा रहे थे। बिरधाना गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टाटा मैजिक को टक्कर मार दी, जिससे मैजिक वाहन सडक़ से नीचे गड्ढों में पलट गया। टक्कर के बाद वाहन में सवार श्रद्धालु बुरी तरह फंस गए और घटनास्थल पर चीख–पुकार मच गई। सूचना मिलते ही नरवाना थाना सदर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला। घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने 7 लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में 50 वर्षीय रुक्मणी, 35 वर्षीय कामिनी, 55 वर्षीय तेजपाल, 50 वर्षीय सुरेश, 50 वर्षीय परमजीत, और 50 वर्षीय मुक्ति शामिल हैं।

# फैन हत्या मामला : सुपरस्टार दर्शन के खिलाफ जल्द दाखिल की जाएगी चार्जशीट

बेंगलुरु ,न्नड़ सुपरस्टार दर्शन प्रशंसक (फैन) हत्या मामले में जेल में बंद हैं। हत्या मामले में उनके खिलाफ इसी हफ्ते चार्जशीट दाखिल किए जाने की संभावना है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस तैयारी के अंतिम चरण में है।

एक्टर दर्शन, उनकी साथी पवित्रा गौड़ा और 15 अन्य फैन रेणुकास्वामी हत्याकांड में आरोपी हैं। सूत्रों ने दावा किया है कि 24वीं एसीएमएम कोर्ट में जमा की गई रिमांड कॉपी के अनुसार, दर्शन ने कथित तौर पर हत्या मामले में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली है।

दर्शन बेल्लारी जेल में बंद हैं। उन्हें हत्या के मामले में आरोपी नंबर दो बनाया गया है। सुपरस्टार की जिंदगी की कहानी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। एक लाइट बॉय के तौर पर अपने करियर की शुरुआत करने से लेकर सुपरस्टार बनने तक और विवादों तथा अपराधों में उलझे



रहने तक, दर्शन हमेशा कर्नाटक में चर्चा में रहे हैं। लेकिन इससे उनकी फैन फॉलोइंग पर कोई असर नहीं पड़ा।

कथित तौर पर दर्शन और उसके गिरोह ने रेणुकास्वामी का अपहरण करने के बाद उसकी बेरहमी से हत्या कर दी थी। इसके बावजूद लोगों में दर्शन के प्रति दीवानगी बरकरार है।

हाल ही में जब दर्शन को बेल्लारी जेल में शिफ्ट किया जा रहा था, तब एहतियाती उपायों के बावजूद फैंस अपने पसंदीदा स्टार की एक झलक पाने के लिए सडक़ों और जेल के सामने कतार में खड़े हो गए थे। भीड़ को तितर–बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज भी करना पड़ा था। कट्टर फैंस ने दर्शन की आलोचना करने वाले मीडियाकर्मियों और यूट्यूबर्स से बदला लेने की कसम खाई है। उनका कहना है कि दर्शन के रिहा होने के बाद वे कार्रवाई करेंगे। इससे नागरिक समाज और आम जनता हैरान है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, फैंस, मुख्य रूप से युवा, कानून के डर के बिना धमकी भरे व्यवहार में लिप्त हैं, जो चिंताजनक है। इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत नहीं आई है, इसलिए वे कार्रवाई करने में असमर्थ हैं।

# एंटी रेप बिल पास, पीड़ित कोमा में गई या मौत हुई तो 10 दिन में होगी फांसी

नई दिल्ली ,कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और हत्या की घटना के बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा में विशेष सत्र के दूसरे दिन ममता सरकार में कानून मंत्री मोलॉय घटक ने एंटी रेप बिल पास कर दिया है। जिस अनुसार अब बंगाल में रेप के दोषी को 10 दिन में मौत की सजा और मामले की जांच 36 दिन में पूरी करनी होगी।

**दोषी को फांसी की सजा कब होगी?**

अगर रेप के दौरान विक्टिम की मौत हो जाती है या फिर वो कोमा में चली जाती है तो इस स्थिति में रेप के दोषी को फांसी की सजा दी जाए। विधानसभा में विधेयक पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस विधेयक को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म के दोषी को सख्त सजा मिलनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा, हम चाहते हैं कि यह कानून तत्काल प्रभाव से लागू हो। इसे लागू करवाना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। हमें परिणाम चाहिए। यह सरकार की जिम्मेदारी है। हम आपका पूरा समर्थन करते हैं, हम मुख्यमंत्री के बयान को आराम से सुनेंगे, वह जो



चाहें कह सकती हैं लेकिन आपको गारंटी देनी होगी कि यह बिल तुरंत लागू किया जाएगा।

**एंटी रेप बिल के बारे में जानिए**

इस बिल के भीतर रेप और हत्या करने वाले आपराधी के लिए फांसी की सजा का प्रावधान।

चार्जशीट दायर करने के 36 दिनों के भीतर सजा–ए–मौत का प्रावधान।

21 दिन में जांच पूरी करनी होगी।

अपराधी की मदद करने पर 5 साल की कैद की सजा का प्रावधान।

हर जिले के भीकर स्पेशल अपराजिता टास्क फोर्स बनाए जाने का प्रावधान।

रेप, एसिड, अटैक और छेड़छाड़ जैसे मामलों में ये टास्क फोर्स लेगी एक्शन।

रेप के साथ ही एसिड अटैक भी उतना ही गंभीर, इसके लिए आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान।

पीड़िता की पहचान उजागर करने वालों के खिलाफ 3–5 साल की सजा का प्रावधान।

विधेयक में रेप की जांच और सुनवाई में तेजी लाने के लिए ब्र्हस्स् प्रावधानों में संशोधन शामिल।

सभी यौन अपराधों और एसिड अटैक की सुनवाई 30 दिनों में पूरी करने का प्रावधान।

बता दें कि अपराजिता विधेयक को पारित होने के लिए राज्यपाल, राष्ट्रपति की मंजूरी की जरूरत होगी। विधानसभा में अपराजिता बिल पारित होने के बाद इसे हस्ताक्षर के लिए राज्यपाल के पास भेजा जाएगा।

### बेंगलुरु में फ्लाईओवर से नीचे गिरी कार, एक की मौत, चार घायल

बेंगलुरु ,कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां फ्लाईओवर से एक कार नीचे जा गिरी। इस हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह करीब 3:45 बजे कार की एक बाइक से टक्कर हो गई थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार चालक नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी फ्लाईओवर से नीचे जा गिरी। ये कार तमिलनाडु की बताई जा रही है। पता चला है कि हादसे के वक्त कार में तीन लोग सवार थे, जबकि दो लोग बाइक पर थे। इस हादसे में सभी पांचों को गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# रक्षा मंत्रालय ने 1.45 लाख करोड़ रुपये के 10 खरीद प्रस्तावों को दी मंजूरी

नई दिल्ली ,केंद्र सरकार ने स्थानीय रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देते हुए मंगलवार को भारतीय सेना के टैंकों बेड़े के आधुनिकीकरण के लिए 1,44,716 करोड़ रुपये के 10 खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 1,44,716 करोड़ रुपये की राशि के 10 खरीद प्रस्तावों को स्वीकृति (एओएन) प्रदान की। मंत्रालय ने बताया कि कुल लागत का 99 प्रतिशत हिस्सा ह्यखरीदें (भारतीय) और खरीदें (भारतीय–स्वदेशी रूप से डिजाइन किये गये, विकसित और निर्मित) श्रेणियों के तहत स्वदेशी स्त्रोतों से है। इस कदम से भविष्य के लिए तैयार लड़ाकू वाहनों (एफआरसीवी), एयर कंट्रोल फायर डिफेंस रडार, डोर्नियर–228 विमान,



फास्ट पेट्रोलिंग नौकाओं और तट से दूर पेट्रोलिंग के लिए जहाजों की खरीद का रास्ता साफ हो गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि एफआरसीवी भविष्य का एक मुख्य युद्धक टैंक होगा।

## संपादकीय

# केदारनाथ सीट : भाजपा के लिए गरिमा का सवाल

उत्तराखंड में केदारनाथ सीट का चुनाव भाजपा के लिए गरिमा का सवाल बन गया है। हाल ही में बद्रीनाथ एवं मंगलोर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की हार के बाद सरकार और संगठन हाई कमान के निशाने पर था, खासतौर से बद्रीनाथ सीट पर हार को सीधे अयोध्या में बीजेपी की हुई हार से जोड़कर देखा जाने लगा था। इस हार को पचाने में भाजपा को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और अब केदारनाथ सीट की जीत ही बद्रीनाथ एवं मंगलौर की हार पर कुछ हद तक मरहम लगा सकती है। भारतीय जनता पार्टी ने इसके लिए बूथ लेवल पर तैयारी पहले से ही शुरू कर दी थी और अब पूरा दमखम इस सीट को निकालने के लिए लगाया जा रहा है। फिलहाल उपचुनाव किस तिथि पर होंगे यह अभी अनिश्चित है लेकिन संगठन की ओर से चुनाव जैसी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पार्टी ने उपचुनाव के लिए प्रभारी और संयोजकों की तैनाती कर दी है। प्रदेश सरकार के पांच-पांच कैबिनेट मंत्रियों को भी उपचुनाव में मंडल प्रवासी बनाया गया है। उन्हें अलग-अलग मंडलों की जिम्मेदारी दी गई है। निश्चित है कि भाजपा इस बार केदारनाथ सीट को लेकर कोई कोताही नहीं बरतना चाहती क्योंकि पहले ही बद्रीनाथ विधानसभा सीट की हार का जख्म अभी तक भाजपा को टीस दे रहा है। संगठन और सरकार के साथ-साथ स्वयं मुख्यमंत्री की छवि भी दाव पर लगी हुई है वह भी ऐसे मौके पर जब लोकसभा चुनाव में पांचो संसदीय सीट पर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जीत हासिल हुई है। ईधर कांग्रेस की बात करें तो इस तरफ से अभी केदारनाथ सीट को लेकर कोई हलचल नजर नहीं आ रही है लेकिन उपचुनावों की दो सीटों पर जीत के बाद कांग्रेस संगठन एवं कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज हैं। पार्टी के थिंक टैंक केदारनाथ सीट पर जीत को लेकर आश्वस्त हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों को केदारनाथ की जनता का मन टटोलने में कड़ी मेहनत करनी होगी। जहां कांग्रेस उप चुनाव में अपनी हैट्रिक की ओर बढ़ने का प्रयास करेगी तो वहीं दूसरी ओर भाजपा अपनी इस सीट को अपने कब्जे में रखने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहेगी और इसके संकेत बीजेपी ने अपनी तैयारी को लेकर दे दिए हैं।

# युक्तियुक्तकरण याने स्कूल बंदी, छंटनी और शिक्षा का भगवाकरण : लड़ाई संविधान को बचाने की

**संजय पराते**

छत्तीसगढ़ में स्कूली शिक्षा की बदहाली का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रदेश में 3000 से ज्यादा स्कूलों में प्राचार्य नहीं है और शिक्षकों के 8194 पद, सहायक शिक्षकों के 22000 से अधिक और व्याख्याताओं के 2524 पद रिक्त हैं। सरकार द्वारा संचालित 56333 स्कूलों में से 300 से अधिक स्कूल शिक्षकविहीन है, जबकि 5500 स्कूलों में एक ही शिक्षक है और 3978 प्राइमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकंडरी स्कूल एक ही परिसर में संचालित हो रहे हैं।

संविधान सरकार को निर्देशित करता है कि स्कूली उम्र के हर बच्चे के लिए उसके रहवास वाले इलाके में शिक्षा का प्रबंध करो। यदि इस निर्देश का पालन करना है, तो नए स्कूल भवनों का निर्माण करना और शिक्षकों के खाली पदों को भरना किसी भी सरकार की प्राथमिकता में होना चाहिए। लेकिन ऐसी प्राथमिकता भाजपा सरकार के एजेंडे में कैसे हो सकती है? यहां तो जो 10-15 हजार शिक्षक हर साल सेवा निवृत्त हो रहे हैं, इन पदों को पूरी खामोशी से खत्म किया जा रहा है।

नए स्कूल भवन बनाने, पुरानों का जीणोद्धार करने और शिक्षकों की भर्ती करने के बजाय भाजपा सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूलों को बंद करने और शिक्षकों का तबादला करने का अभियान चलाया जा रहा है। युक्तियुक्तकरण भाजपा का प्रिय काम है, जो स्कूली शिक्षा की वास्तविक चुनौतियों से आंख मूंदना चाहती है। भाजपा सरकार की इस मुहिम का प्रदेश के सभी शिक्षक संगठनों और मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन (सीटू) ने कड़ा विरोध किया है।

पिछली भाजपा राज में भी युक्तियुक्तकरण के नाम पर 2000 से भी ज्यादा स्कूल बंद कर दिए गए थे। लगभग सभी ग्रामीण क्षेत्रों में थे और इसका शिकार वे हजारों ग्रामीण बच्चे हुए, जो दूसरे स्कूलों की गांव से ज्यादा दूरी होने के कारण और छात्राएं लैंगिक भेदभाव के कारण, शिक्षा क्षेत्र से बाहर हो गए। अब भाजपा के नए सायं-सायं राज में और 4077 स्कूल बंद किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इन स्कूलों में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या 10 से कम है। इस प्रकार 35000 से ज्यादा बच्चे स्कूली शिक्षा से बाहर किए जा रहे हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि लगभग सभी बच्चे ग्रामीण क्षेत्र के, आदिवासी इलाकों के और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे ही होंगे। इसके साथ ही, एक तबादला उद्योग खोलकर बड़े पैमाने पर शिक्षकों को इधर से उधर किया जाएगा।

**नए स्कूल भवन बनाने, पुरानों का जीणोद्धार करने और शिक्षकों की भर्ती करने के बजाय भाजपा सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूलों को बंद करने और शिक्षकों का तबादला करने का अभियान चलाया जा रहा है। युक्तियुक्तकरण भाजपा का प्रिय काम है, जो स्कूली शिक्षा की वास्तविक चुनौतियों से आंख मूंदना चाहती है। भाजपा सरकार की इस मुहिम का प्रदेश के सभी शिक्षक संगठनों और मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन (सीटू) ने कड़ा विरोध किया है। पिछली भाजपा राज में भी युक्तियुक्तकरण के नाम पर 2000 से भी ज्यादा स्कूल बंद कर दिए गए थे। लगभग सभी ग्रामीण क्षेत्रों में थे और इसका शिकार वे हजारों ग्रामीण बच्चे हुए, जो दूसरे स्कूलों की गांव से ज्यादा दूरी होने के कारण और छात्राएं लैंगिक भेदभाव के कारण, शिक्षा क्षेत्र से बाहर हो गए। अब भाजपा के नए सायं-सायं राज में और 4077 स्कूल बंद किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इन स्कूलों में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या 10 से कम है। इस प्रकार 35000 से ज्यादा बच्चे स्कूली शिक्षा से बाहर किए जा रहे हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि लगभग सभी बच्चे ग्रामीण क्षेत्र के, आदिवासी इलाकों के और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे ही होंगे।**

लेकिन ऐसे युक्तियुक्तकरण की मार केवल बच्चों और शिक्षकों पर ही नहीं पड़ेगी, इन स्कूलों में काम करने वाले सफाई कर्मियों और मध्यान्ह भोजन बनाने वाले मजदूर भी इसका शिकार होंगे, जो आज तक न्यूनतम मजदूरी से वंचित हैं, इसके बावजूद ये काम उनकी आजीविका का सहारा बने हुए हैं। इन स्कूलों के बंद होने से 12000 से ज्यादा मध्यान्ह भोजन और अंशकालीन सफाई मजदूर बेरोजगार हो जाएंगे, जिनके पास स्थाई/नियमित रोजगार का और कोई साधन नहीं है। ये मजदूर अब ग्रामीण बेरोजगारों की फौज बढ़ाएंगे, या फिर किसी और काम की तलाश में शहरों की ओर पलायन करेंगे और शहरी दिहाड़ी मजदूर बनने के लिए मजबूर होंगे। भाजपा ने 2023 के चुनावी घोषणापत्र में वादा किया था कि मध्यान्ह भोजन मजदूरों को वर्तमान में मिलने वाले मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि की जाएगी, लेकिन 10 माह बीतने के बाद भी इस दिशा में कोई काम नहीं हुआ है। हां, उनकी छंटनी जरूर की जा रही है। साफ है कि भाजपा सरकार के पास इन मजदूरों के काम और आजीविका की सुरक्षा का भी कोई एजेंडा नहीं है।

मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन (सीटू) के संरक्षक समीर कुरैशी ने बताया कि यूनियन की इन्हीं चिंताओं से अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया है और युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही रद्द करने के साथ ही इन मजदूरों को नियमित करने और न्यूनतम वेतन देने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि प्रभावित स्कूलों के पालकों, शिक्षकों और ग्रामीणों को साथ में लेकर एक बड़ा आंदोलन खड़ा करने की कोशिश सीटू कर रही है।

पूर्ववर्ती कांग्रेस राज में प्रदेश के हर ब्लॉक में उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र स्थापित करने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद स्कूलों के नाम पर एक नवाचार किया गया था, जिसने निजी स्कूलों का विकल्प गढने की कोशिश की थी। इन स्कूलों की ओर आम जनता बड़े पैमाने पर आकर्षित हुई थी। लेकिन भाजपा कभी भी इन स्कूलों के पक्ष में नहीं रही। अब भाजपा के सत्ता में आने के बाद उत्कृष्ट शिक्षा के ये केंद्र धीरे-धीरे और अघोषित रूप से अपनी मौत मरने के लिए बाध्य हैं। इन स्कूलों में पर्याप्त शिक्षकों का संकट पैदा कर दिया गया है, इसके साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का निर्माण करने वाले साधनों का अभाव पैदा किया जा रहा है।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कहने के लिए तो बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है, लेकिन पहली से पांचवीं तक के बच्चों को निजी प्रकाशकों द्वारा मुद्रित औसतन 1000 रूपये की पाठ्येत्तर पुस्तकें खरीदवाई जा रही है। इन पुस्तकों की गुणवत्ता भी सोचनीय है। हर सरकारी स्कूल द्वारा अलग-अलग निजी प्रकाशकों की पुस्तकें चलाना उसी प्रकार के भ्रष्टाचार का संकेत है, जो निजी स्कूलों का हिस्सा है। जिस प्रदेश में 95 प्रतिशत परिवारों की मासिक आय 5000 रूपये से कम हो और औसत श्रम शक्ति ग्रामीण परिवारों के लिए 2446 रूपये तथा शहरी परिवारों के लिए 4483 रूपये मासिक हो, वहां पालकों पर पडने वाले इस अवहनीय बोझ और इसके कारण शिक्षा क्षेत्र से बाहर होने वाले/रह जाने वाले छात्रों की कल्पना आसानी से की जा सकती है। असर की पिछले साल जारी रिपोर्ट बताती है कि छत्तीसगढ़ में 15 साल उम्र तक के 13.6 प्रतिशत बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। ये बच्चे स्कूली शिक्षा के दायरे से बाहर क्यों है, इस पर कभी भी भाजपा की सरकारों ने मंथन नहीं किया।

असर (एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट) की यही रिपोर्ट स्कूली बच्चों की पढने-लिखने की क्षमता को भी रेखांकित करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी स्कूलों में पढने वाले पांचवीं कक्षा के केवल 52.7 प्रतिशत बच्चे ही कक्षा-2 के स्तर का पाठ पढ़ पाते हैं, 22.8 प्रतिशत बच्चे ही भाग की क्रिया कर सकते हैं तथा केवल 11.3 प्रतिशत बच्चे ही अंग्रेजी का वाक्य पढ़ सकते हैं। पांचवीं के बच्चों का यह हाल है, तो निचली कक्षाओं के बच्चों की हालत समझ सकते है। बच्चों की इस दयनीय शैक्षणिक स्तर का सीधा संबंध स्कूली शिक्षा की बदहाली से है।

युक्तियुक्तकरण का एक दूसरा पहलू भी है और वह यह है कि जितने सरकारी स्कूल बंद होंगे, शिक्षा के निजीकरण के दरवाजे भी उतने ही चौड़े होंगे। एक सर्वे के अनुसार, पिछले 10 सालों में बंद हुए स्कूलों की जगह सरस्वती शिशु मन्दिर जैसे आरएसएस-संचालित स्कूल उग आए हैं, जो शिक्षा का भगवाकरण करने के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। ये स्कूल पाठ्यक्रम से बाहर ऐसी पुस्तकों को चला रहे है, जो नितांत अवैज्ञानिक दृष्टिकोण और हिंदुत्व की अवधारणा पर तैयार की गई है और बच्चों को एक सांप्रदायिक नागरिक बनाने का काम करती है। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार ही, पिछले 10 सालों में 2000 से अधिक निजी स्कूल खुले है, जिनके फीस के ढांचे और पाठ्य सामग्री पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है।

आज नई शिक्षा नीति और शिक्षा के भगवाकरण का चोली-दामन का संबंध है और भाजपा सरकार द्वारा चलाया जा रहा युक्तियुक्तकरण का अभियान शिक्षा के निजीकरण और भगवाकरण के अभियान का ही हिस्सा है। जैसा कि मध्यप्रदेश का अनुभव बताता है, जहां दीनानाथ बतरा सहित आरएसएस से जुड़े 88 स्वनामधन्य लेखकों की पुस्तकों को, जो नितांत सांप्रदायिक और वर्णवादी दृष्टिकोण से लिखी गई है, स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल कर शिक्षा संस्थाओं को इन्हें खरीदने के लिए कहा गया है ; बतरा का यह खतरा जल्दी ही छत्तीसगढ़ के स्कूलों के दरवाजे भी खटखटाने जा रहा है। शुरुआत रविशंकर विश्वविद्यालय से हो चुकी है, जहां फलित ज्योतिष और वास्तु ज्योतिष के पाठ्यक्रम शुरू करके अंधविश्वासों का दीक्षांत महोत्सव आरम्भ किया जा चुका है।

# आभूषणों को कुपात्रों की झोली में डालना बेवकूफी

**पंकज शर्मा**

पूरे एक दशक अकांडतांडव में रत रहने वाले टीवी-सूत्रधारों और अख़बारी-क़लमकारों के परिस्थितिजन्य ताल-बदलू उपक्रम को उन का सच्चा हृदय परिवर्तन समझने वाले नासमझों को कोई समझाए कि सांसारिक लीलाएं इतनी बेलोच नहीं हुआ करती हैं कि आप उन पर ऐसे सरपट रपटने लगें।ज् जन्मजात अंधखोपडियों ने पूरे दस बरस कथन और लेखन के अक्षरविश्व में जैसा नग्न-धमाल मचाया, उसे ऐसे ही विस्मृत कर देना नादानी होगी। दस साल से देश की छाती पर नरेंद्र भाई मोदी की नफ़रती-कार्यावली की मूंग हर रोज़ पूरे ज़ोरशोर से दल रहे मीडिया-अनुचरों में से कुछ के सुर 2024 के लोकसभा चुनाव नतीजे आने के बाद से बदलने क्या शुरू हुए, मैं देख रहा हूं कि, बहुत-से जनोन्मुखी पुरोधा बड़ी अभिभूत-मुद्रा में थिरक रहे हैं। इन भावुक-मूर्खों को केंचुल-रूपांतर का उत्सव मनाते देख मैं तो भौचक हूं। पूरे एक दशक अकांडतांडव में रत रहने वाले टीवी-सूत्रधारों और अख़बारी-क़लमकारों के परिस्थितिजन्य ताल-बदलू उपक्रम को उन का सच्चा हृदय परिवर्तन समझने वाले नासमझों को कोई समझाए कि सांसारिक लीलाएं इतनी बेलोच नहीं हुआ करती हैं कि आप उन पर ऐसे सरपट रपटने लगें।जन्मजात अंधखोपडियों ने पूरे दस बरस कथन और लेखन के अक्षरविश्व में जैसा नग्न-धमाल मचाया, उसे ऐसे ही विस्मृत कर देना नादानी होगी। यह समय गोस्वामियों, चौधरियों, सिन्हाओं, कश्यपों, देवगनों, चोपड़ाओं, सिन्हाओं, नरसिंहमनों, श्रीवास्तवों, अरूरों, रजतों, नविकाओं, वग़ैरह-वग़ैरह की करतूतों को भूलने का नहीं है। यह समय पुरियों, चंद्राओं, गुप्ताओं, पांडाओं, कोठारियों, ए-1, ए-2, वग़ैरह-वग़ैरह के अपकर्मों को क्षमादान की गंगधारा में तिरोहित करने का नहीं है। यह समय तो इन सभी के कुकर्मों को इतिहास की पाशाण शिला पर स्थायी तौर से उकेरने का है। आज जो अपनी भावप्रवणता पर काबू नहीं रखेंगे, वे गच्चा खाने के बाद कल अपनी मूढ़ता पर आंसू बहा रहे होंगे।

क्षमा धर्म है। क्षमा यज्ञ है। क्षमा वेद है। क्षमा शास्त्र है। क्षमा तेजस्वी पुरुषों का तेज है। क्षमा तपस्वियों का ब्रह्म है। क्षमा सत्यवादियों का सत्य है। क्षमा करना आत्म-प्रेम का कार्य है। क्षमा आल्हादकारी है। क्षमा बलमशक्तानाम् शक्तानाम् भूषणम् क्षमा। क्षमा वशीकृते लोके क्षमयाः किम् न सिद्ध्यति। क्षमा वीरस्य भूषणम। बचपन से हम अपने बुज़ुर्गों से यह सब सुन रहे हैं। सुन रहे हैं और गुन रहे हैं। गुन रहे हैं और मान रहे हैं। मगर मैं आप को बताता हूं, और मेरी बात मानना-न-मानना आप के मन की बात है, कि इन तमाम सूक्तियों की रचना-अपकृति आज के युग में स्वयं ही क्षम्य है। क्षमा वीरों का आभूषण ज़रूर है, लेकिन जो आंख बंद कर अपने आभूषणों को कुपात्रों की झोली में डाल देते हैं, समाज उन्हें वीर नहीं, बेवकूफ़ मानता है। इसलिए नाहक वीर-पन मत दिखाइए। फिज़ूल में दरियादिल बनने की दरकार नहीं है। यह जो मोहिनीअट्टम पर्दों और पन्नों पर ताजा-ताजा शुरू हुआ है, उसे देख कर बेसुध मत होइए। इन अदाओं पर गश खा कर गिरेंगे तो अगले एक-दो दशक हम-आप फिर नहीं उठ पाएंगे। यह परिवेश आप को बरगलाने के लिए रचा जा रहा है। अपने भोलेपन के कारण जिन के चेहरों पर आप को पश्चात्ताप की झलक दिखाई दे रही है, उन की आंखों में बैठे बहेलिए को ध्यान से देखिए। उन की मोहक पंक्तियों के बीच पसरे कांइयापन को पढने की कोशिश करिए। इस असलियत की परतों का जायज़ा लेने के लिए किसी ख़ुर्दबीन की ज़रूरत नहीं है। ये परतें तो वैसे ही उधड़ी हुई हैं। जिन्हें नहीं दिखाई दे रहीं, उन का कोई क्या करे!मौसम के हिसाब से कपड़े बदलने वालों पर रीझ रहे दयालुओं से मैं तो यही अनुनय-विनय कर सकता हूं कि मत्स्य-वेध की तैयारियों के वक़्त दिग्भ्रमित होने-करने के बजाय थोड़े दिन अपना दिल थोड़ा संभाल कर रखिए। फ़िदा-हुसैन बन कर बेली डांस करने के बजाय विक्रमादित्य बन कर न्याय सिंहासन पर बैठिए। मत भूलिए कि इन्हीं मरदूदों की वज़ह से आज भारतीय समाज इस कदर क्षत-विक्षत है। लोकतंत्र के यज्ञ को बाधित करने पर उतारू शासक-दल के मंसूबों को पूरा करने की होड़ में लगे मीडियासुरों को अगर सामाजिक दंड विधान के नियमों का पालन किए बिना रिहाई दे दी गई तो आने वाली पीढियां आज की पीढ़ी को कैसे माफ़ करेंगी?अभी तो रंग-बदलू दौर शुरू हुआ भर है। आने वाले दिनों में हम-आप अलग-अलग अनुचर-टोलियों की और भी नई-नई कलाबाजियां देखेंगे। नौकरशाही से ले कर शिक्षा और संस्कृति संस्थानों तक में टांग पसारे पड़े बहुत-से मूर्धन्य चेहरों की रंगत भी तेज़ी से बदल रही है। ये अज़ीमुश्शान शक्लें अपने लिए नए ठौर तलाशनें घरों से निकल चुकी हैं और कई दहलीज़ों पर सीस-नवाऊप्रतियोगिता में हिस्सा लेने लगी हैं। इस हवा के झोंके सियासत की सत्तासीन मुंडेरों पर धूनी रमाए बैठे महामनाओं की जटाएं भी बिखेरने लगे हैं। सो, अगली होली आते-आते कई सियासतदांओं के गालों पर हमें तरह-तरह के रंग पुतते दिखेंगे। एक ईंट खिसकने भर की देर होती है। फिर तो दीवार देखते-ही-देखते भरभरा कर गिर पड़ती है।

# कंगना की मोस्ट अवेटेड फिल्म इमरजेंसी का गाना ए मेरी जान रिलीज, पक्ष-विपक्ष में दिखी देशभक्ति

कंगना की मोस्ट अवेटेड फिल्म इमरजेंसी की रिलीज पर मुसीबतों के बादल मंडरा रहे हैं यह फिल्म 6 सितंबर को रिलीज होने वाली है लेकिन कई संगठन इसे बैन करवाने पर तुले हुए हैं. इसी बीच फिल्म का नया गाना ए मेरी जान मेकर्स ने रिलीज कर दिया है. जिसमें कंगना और विपक्ष की आंखों में देशभक्ति साफ देखी जा सकती है.




फिल्म का पहला गाना सिंहासन खाली करो था जिसमें विपक्ष को आपातकाल के खिलाफ आवाज उठाते हुए देखा गया था. अब मेकर्स ने फिल्म से दूसरा गाना रिलीज किया है जिसका टाइटल ए मेरी जान है. फिल्म में इमरजेंसी लगने पर देश के बिगड़े हालात की झलक दिखाई गई है. पक्ष विपक्ष देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत दिखाई दे रहे हैं. सोशल मीडिया पर गाना रिलीज करते हुए कैप्शन लिखा- ऐ मेरी जान मुझे जान से भी प्यारा है तू, राष्ट्र के प्रति परम प्रेम, प्रेम की घोषणा ए मेरी जान अब जारी. 6 सितंबर को सिनेमाघरों में इमरजेंसी. वहीं फैंस भी इस गाने को काफी पसंद कर रहे हैं और कमेंट सेक्शन में तारीफ कर रहे हैं.

शिरोमणि अकाल दल और सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने फिल्म पर पूरी तरह से बैन लगाने की मांग की है. इमरजेंसी फिल्म साल 1975 में देश में लगी इमरजेंसी और तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी की एक सिख द्वारा की गई हत्या को दिखाया गया है. यह विवाद उस वक्त उठा जब फिल्म इमरजेंसी का ट्रेलर रिलीज हुआ था. ऐसे में सिख कम्यूनिटी कंगना रनौत और सेंसर बोर्ड को लीगल नोटिस भेज चुकी है.

इमरजेंसी 6 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है देखना दिलचस्प होगा कि बैन के लिए उठ रही मांगो का फिल्म की रिलीज पर क्या असर पड़ता है.

## 18 साल बाद टेस्ट में टकराएगी भारत-पाक!

नई दिल्ली।पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से गंवानी पड़ी। दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 6 विकेट से रौंदकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

इस हार के बाद पाकिस्तान को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के प्वाइंट्स टेबल में काफी नुकसान हुआ। इस हार के बाद पाकिस्तान का वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचना लगभग मुश्किल हो गया है।

हालांकि, फैंस को अभी भी एक उम्मीद है कि भारत और पाकिस्तान के बीच भिड़ंत देखने को मिल सकती है। आइए जानते हैं कैसे बांग्लादेश से हारने के बाद पाकिस्तान में भारत का सामना कर सकता है?

# बांग्ला टाइगर्स को हराने के लिए 'पंजाबी पुत्तर' ने कसी कमर



नई दिल्ली। पाकिस्तान को क्लीन स्वीप करने के बाद अब बांग्लादेश टीम भारत का दौरा करेगी। इस दौरे भारत दोनों टीमों के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। सीरीज की शुरुआत 19 सितंबर से होगी।इस सीरीज के लिए भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कमर कस ली है। उन्होंने सीरीज से पहले तैयारी शुरू कर दी है। बुमराह ने अपनी तैयारी का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

# रजनीकांत की कूली में नागार्जुन की एंट्री, सुपरस्टार के धांसू फर्स्ट लुक आउट

रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड कूली लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित थलाइवर की 171वीं फिल्म है. इसीलिए फैंस इसकी हर एक अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अब हाल ही में मेकर्स ने एक और धमाका करते हुए फिल्म से नया पोस्टर रिलीज किया है. फिल्म के मेकर्स ने मास एक्टर का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है. मोनोक्रोम पोस्टर में नागार्जुन इंटेंस और स्टाइलिश अवतार में नजर आ रहे हैं. बढ़ी हुई दाढ़ी, सनग्लासेस और गोल्ड वॉच पहने हुए नागार्जुन का लुक काफी अट्रैक्टिव लग रहा है. रजनीकांत स्टारर कूली में नागार्जुन के कैरेक्टर का नाम साइमन है. लोकेश कनगराज ने एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- किंग के फिल्म में आने से हम बहुत खुश हैं, नागार्जुन कूली की कास्ट जॉइन करने वाले हैं. वेलकम टू द बोर्ड सर एंड हैप्पी बर्थडे. कूली की दुनिया में नागार्जुन के आने से उनके फैंस के बीच खुशी की लहर है.

पहले खबरें आई थी कि नागार्जुन फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे लेकिन अब यह कंफर्म हो गया है कि नागार्जुन फिल्म के खास कलाकारों में से एक होंगे. लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित यह फिल्म बड़े बजट में बन रही है और यह साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. हाल ही में फिल्म में आमिर खान के शामिल होने की भी खबर सामने आई थी हालांकि इसका कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुआ है. लेकिन आमिर फिल्म में स्पेशल कैमियो में नजर आ सकते हैं.

कूली की शूटिंग इस साल जुलाई में हैदराबाद में शुरू हुई. हालांकि ऑफिशियल रिलीज की डेट अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन साल 2025 में इस फिल्म के रिलीज होने की उम्मीद है.

## सलमान खान और उनके भांजे का गाना यू आर माइन जारी

बॉलीवुड के दबगं सलमान खान का नया गाना यू आर माइन गाना रिलीज हो चुका है. जिसमें वो उनके भांजे और सिंगर अयानअग्निहोत्री के साथ नजर साथ नजर आ रहे हैं. इस गाने में खास बात ये है कि इसे सलमान खान और उनके भतीजे अयान अग्निहोत्री ने ही गाया है. यू आर माइन का संगीत विशाल मिश्रा ने तैयार किया है. जो सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगा है. इस गाने के बारे में बात करते हुए सलमान खान ने ही कहा था कि इस गाने के लिए मेरे साथ अयान भी काफी एक्साइटिड है. वहीं अयान ने कहा था कि, सलमान मामा एक लीजेंड हैं. जिनसे मैंने काफी सीखा है. यू आर माइन में एक अविश्वसनीय अनुभव रहा था. मुझे उम्मीद है कि हम हमारे फैंस को ये काफी पसंद आएगा और हमेशा यादगार रहेगा.

# रावलपिंडी में बांग्लादेश ने रचा इतिहास, घर में घुसकर पाकिस्तान का किया क्लीन स्वीप

नई दिल्ली। रावलपिंडी में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया। इसके साथ ही मेहमान टीम ने पाकिस्तान को घर में क्लीन स्वीप किया। सीरीज का पहला टेस्ट मैच बांग्लादेश ने 10 विकेट से जीता था। सीरीज अपने नाम करने के साथ ही बांग्लादेश ने कई रिकॉर्ड भी बना लिए हैं। बांग्लादेश ने घर के बाहर तीसरी बार टेस्ट सीरीज जीती है।




**तीसरी बार टेस्ट सीरीज में दी मात**

इससे पहले साल 2009 में बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को उनके घर में 2-0 से हराया था। साल 2021 में बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे को 1 टेस्ट मैच में मात दी थी। विदेश में टेस्ट मैच में यह बांग्लादेश की 8वीं जीत है। इससे पहले बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे और पाकिस्तान को 2-2 और श्रीलंका, न्यूजीलैंड को 1-1 बार हराया है।

**10 मैच से नहीं देखी जीत**

पाकिस्तान को अपने होम ग्राउंड पर पिछले 10 टेस्ट में जीत नहीं मिली है। इस दौरान टीम को 6 में हार का सामना करना पड़ा है और 4 मैच ड्रॉ रहे हैं।

पाकिस्तान अब अपने घर में 10 सबसे पुरानी पूर्ण सदस्य टीमों में से प्रत्येक से एक टेस्ट सीरीज हार गया है। सीरीज खत्म होने के बाद बांग्लादेश 2023-25 पॉइंट्स टेबल में चौथे और पाकिस्तान 8वें स्थान पर आ गई है।

# आमसौड़ की आपदाः आशियाने के साथ अब रोजगार की भी बढ़ी चिंता

### केलापानी की पहाड़ी से हुई तबाही के बाद गांव छोड़ने को मजबूर ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पड़ने वाला सुंदर गांव आमसौड़ इन दिनों आपदा की मार झेल रहा है। हालत यह है कि अब आपदा के साथ ही ग्रामीणों में पलायन व रोजगार की भी मार पड़ने लगी है। गांव से लगातार हो रहे पलायन ने किराना व छोटी-मोटी दुकान चलाने वालों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। वहीं, केलापानी की पहाड़ी से आए मलबे में दबने से कई काश्तारों की मेहतनत से लगाई गई फसल भी पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। जबकि, अधिकांश काश्तकार खेती से ही अपनी आर्थिकी चलाते हैं।

आमसौड़ में भूस्खलन का सिलसिला बीते वर्ष से शुरू हुआ। हालांकि, बीते वर्ष कोई अधिक नुकसान नहीं हुआ। लेकिन, इस वर्ष बीती 22 अगस्त की मध्य रात्रि को अतिवृष्टि से केलापानी की पहाड़ी का हिस्सा मलबे व बोल्डर के रूप में गांव के ऊपर आ गया था। भारी मात्रा में आया मलबा व बोल्डर ग्रामीणों के घरों के अंदर घुस गया था। साथ ही खेतों में लहरा रही पूरण सिंह सहित अन्य काश्तकारों की गेंहू की फसल भी बर्बाद हो गई थी। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सीएचसी सेंट चलाने वाले युवा सुशील की दुकान का हिस्सा भी बोल्डर की चपेट में आने से धराशायी हो गया था। दुकान में रखा अधिकांश सामान मलबे से पूरी तरह बर्बाद हो गया। ऐसे में अब युवा सुशील के समक्ष भी रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। आमसौड़ में किराना की दुकान चलाने वाले विनोद ने बताया कि एक समय सौ से अधिक परिवारों का आमसौड़ गांव आज पलायन को मजबूर हो रहा है। आपदा के दंश से 20 से अधिक परिवार कोटद्वार व दुगड्डा किराए के कमरों में चले गए हैं। जबकि, कुछ ऐसे परिवार भी हैं जो घर का पूरा सामान भी अपने साथ ले गए और मकान पर ताला लगा गए हैं। आमसौड़ में छोटी-छोटी दुकानें चला रहे ग्रामीणों के साथ ही खेती से रोजगार सृजित करने वालों के समक्ष भी रोजगार का संकट खड़ा होने लगा है।


बीती 22 अगस्त को हुए भूस्खलन के दौरान मलबे में दबा सुशील का सीएससी सेंटर

#### विस्थापन की उठा रहे मांग

पिछले दो वर्षों से गांव के ऊपर स्थित केलापानी की पहाड़ पर भूस्खलन हो रहा है। छह जुलाई को भी पहाड़ी का हिस्सा दरकते हुए भारी मलबे व बोल्डर के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ गया था। आपदा की जद में आए ग्रामीण लगातार सरकार से उनके विस्थापन की मांग उठा रहे हैं। लेकिन, अब तक सरकार ने विस्थापन को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की। स्वयं की सुरक्षा को देखते हुए ग्रामीण पलायन को मजबूर हो रहे हैं।

# कैबिनेट मंत्री महाराज ने ली भाजपा की सदस्यता



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनते हुए उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जिसके सर्वाधिक सदस्य हैं। भाजपा संगठन में एकता, सद्भाव, सामंजस्य, संगठनात्मक सूझबूझ और अंतिम पायदान पर कार्य कर रहे कार्यकर्ता का सम्मान सहित अनेक ऐसे कारण हैं जो भाजपा के विस्तार का प्रमुख कारण है। श्री महाराज ने कहा कि केंद्र में भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार हो चाहे प्रदेश में भाजपा की पुष्कर सिंह धामी सरकार दोनों ही सरकारें विकास के नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं।

## एक नजर

### आपराधिक घटना को देखते हुए नन्दानगर में धारा 163 लागू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : नन्दानगर में हुई आपराधिक घटना को देखते हुए नगर क्षेत्र में धारा 163 लगाई गयी है। उप जिला मजिस्ट्रेट चमोली, राजकुमार पाण्डेय के आदेशों के क्रम में नन्दानगर के सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में 2 सितम्बर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञाएं प्रभावी की गयी हैं।

उक्त क्षेत्र क्षेत्र में 5 से अधिक व्यक्ति एक स्थान पर एकत्रित नहीं हो सकते हैं, किसी भी व्यक्ति को अस्त्र-शस्त्र व विस्फोटक सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं है। पूरे नगर क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र, लाउडस्पीकर का प्रयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा। कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का साहित्य, पम्पलेट नहीं बंटवाएगा ना बांटेगा। ना ही सोशल मीडिया पर ऐसी सामग्री अपलोड करेगा, जिससे शांति व्यवस्था भंग हो। कोई भी व्यक्ति किसी प्रतिष्ठान को बंद कराने व क्षति पहुंचाने का प्रयास नहीं करेगा। यह आदेश अग्रिम आदेशों तक प्रभावी रहेंगे। आदेशों को उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

### उत्तराखंड के क्रिकेटरों को पढ़ाया एंटी डोपिंग का पाठ

देहरादून। नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने उत्तराखंड के क्रिकेटरों को एंटी डोपिंग का पाठ पढ़ाया। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों के लिए दून में डोपिंग रोधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें खिलाड़ियों को प्रतिबंधित दवाओं, कैमिकल्स आदि की जानकारी दी गई। क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव महिम वर्मा ने बताया कि क्रिकेट के घरेलू सीजन से पहले नाडा की ओर से यह कार्यशाला आयोजित की जाती है। देहरादून में सोमवार को यह विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें विशेषज्ञों की ओर से डोपिंग रोधी नियमों की बारीकी से जानकारी दी गई। उन्होंने खेलों में डोपिंग के दुष्परिणामों, डोपिंग रोधी कानून के बारे में बताया। वर्मा ने बताया कि प्रत्येक खिलाड़ी को डोपिंग टेस्ट पास करना अनिवार्य होता है। डोप टेस्ट में फेल होने पर खिलाड़ियों के लिए कई कानूनी नियम है। उन्हें प्रतिबंध से भी गुजरना पड़ता है। वर्मा ने बताया कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से यह कार्यशाला करवाई गई थी। प्रत्येक वर्ष बीसीसीआई के घरेलू सीजन से पहले नाडा की कार्यशाला आयोजित होती है।

### सफाई वाहनों के गंदगी फैलाने पर ग्रामीणों ने चेताया

देहरादून। नगर निगम से कूड़ा उठान के लिए अनुबंधित कंपनियों के वाहन कारगी डंपिंग साइट से लेकर सेलाकुई शीशमबाड़ा स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट तक गंदगी फैला रहे हैं। वाहनों में गीले कूड़े से पानी रिसकर सड़कों पर बहने से आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस लापरवाही को लेकर नाराज कुछ ग्रामीण निगम के प्लांट पहुंच गए। उन्होंने सख्त हिदायत दी है कि यदि तत्काल व्यवस्था नहीं सुधरी तो नगर निगम को भारी विरोध का सामना करना पड़ेगा। उधर प्रतिबंधित इलाकों का कूड़ा प्लांट पहुंचने से यहां भारी मात्रा में कूड़ा जमा होता जा रहा है। प्लांट का संचालन कर रही कंपनी ने पत्र के माध्यम से निगम प्रबंधन को स्थिति से अवगत करवाया है। उधर बदहाल व्यवस्था को लेकर मॉनीटरिंग कर रही एजेंसी की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कंपनियों को सख्त हिदायत दी है कि कूड़ा ट्रांसपोर्ट करने के दौरान यदि लापरवाही बरती गई तो सख्त कार्रवाई होगी।

### व्यवसायिक सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित होना जरूरी

देहरादून। उत्तरांचल विश्वविद्यालय के कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर ने व्यावसायिक सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारण पर मंगलवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान इंडो जर्मन ब्रेक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विपुल डावर ने रणनीतिक लक्ष्य–निर्धारण के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने छात्रों के साथ चर्चा में भाग लिया।डावर ने एमसीए और बीटेक सीएसई कार्यक्रमों के 73 छात्रों को एस एंड एस थिंक हब के साथ तकनीकी इंटर्नशिप के सफल समापन को स्वीकार करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किए।इस कार्यक्रम में उत्तरांचल विश्वविद्यालय के सलाहकार सौरव बडोनी, सीआरसी के निदेशक अरुण गोदियाल, संकेत कुमार,आशीष जुगरान, दीपक जुगरान और रचित रस्तोगी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सरकार पर लगाया जखोली की उपेक्षा का आरोप

रुद्रप्रयाग : कांग्रेस पीसीसी सदस्य एवं पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख अर्जून गहरवार ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया है। गहरवार ने बांगर पट्टी की लाइफ लाइन समझी जाने वाली मयाली रणधार बधाणी मोटर मार्ग की हालत जीर्ण शीर्ण व जगह जगह सड़क पर गड्ढों की समय पर मरम्मत कार्य न होने के लिए क्षेत्रीय विधायक को जिम्मेदार ठहराया है। मंगलवार को कांग्रेस नेता अर्जुन ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान जगह जगह जनता की समस्याओं से रूबरू होने के बाद कहा है कि क्षेत्र की लाइफ लाइन समझी जाने वाली मयाली रणधार बधाणी मोटर मार्ग की दशा बहुत खराब हो रखी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय जनता एवं जनप्रतिनिधियों ने इस सड़क के हाट मिक्स व इसे छेनागाड तक लिंक करवाने के लिए चार साल पहले अनशन किया था। उस दौरान क्षेत्रीय विधायक ने अनशन स्थल पर पहुंच कर आश्वासन देकर अनशन खत्म करवाया था। सड़क के गोरपा नामक स्थान पर दलदल को आज तक ठीक नहीं किया गया है।

कहा कि विधायक व भाजपा कार्यकर्ता क्षेत्र में सरकार के खोखले विकास के दावे गिना रहे हैं, जबकि क्षेत्र में सीमांत क्षेत्र चिरबटियां से लेकर बधाणी व बड़मा, लस्या, सिलगढ, फुटगढ, पूर्वी बांगर व भरदार तक समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने भाजपा सरकार को चेतावनी दी कि यदि समय रहते क्षेत्र की इन ज्वलंत समस्याओं को हल नहीं किया तो वे जनांदोलन करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस पूर्व प्रदेश संगठन सचिव रघुवीर सिंह राणा, युद्धवीर सिंह राणा मौजूद थे। (एजेंसी)

### एकीकृत पेंशन योजना का विरोध

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराचंल फारेस्ट मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन ने एकीकृत पेंशन योजना का विरोध किया है। इस दौरान कर्मियों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध व्यक्त किया। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के आह्वान पर उत्तराचंल फारेस्ट मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन ने विरोध जताया। कहा कि इस योजना के लागू होने पर कर्मचारियों को कोई फायदा होने वाला नहीं है। एसोसिएशन के अध्यक्ष शेखर जोशी ने कहा कि कर्मचारी विगत कई सालों से अंशदाई पेंशन योजना का विरोध करती आ रही है, जिसके विकल्प के रूप में अब सरकार यूनीफाइड पेंशन योजना लाई है। जोकि कर्मचारियों के हित में नहीं है। कहा कि कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना को लागू करवाने के लिए लगातार संघर्ष करते रहेंगें। इस मौके पर दीपक रावत, नागेंद्र थपलियाल, मुन्नी रावत, रागिनी रावत, अशोक घिल्डियाल, राजीव मलासी, रंजन कुमार आदि मौजूद रहे।

# समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरे पूर्व सैनिक

### जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी


कोटद्वार में विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करते पूर्व सैनिक व अन्य जन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : मेडिकल कॉलेज निर्माण सहित विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि लगातार शिकायत करने के बाद भी जन समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। पूर्व सैनिकों ने जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन चलाने की चेतावनी दी है।

मंगलवार को पूर्व सैनिकों ने लालबत्ती चौराहे से स्टेशन रोड, झंडाचौक बदरीनाथ मार्ग होते हुए तहसील परिसर तक आक्रोश रैली निकाली। तहसील में पहुंचे पूर्व सैनिकों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। बताया कि पूर्व में आश्वासन के बाद भी कोटद्वार को जिला नहीं बनाया गया है। नतीजा आज भी लोगों को जिले से संबंधित कार्यों के लिए पौड़ी के चक्कर काटने पड़ते हैं। जिससे उनका समय व धन बर्बाद होता है। पूर्व सैनिकों ने मेडिकल कालेज का निर्माण करने, केंद्रीय विद्यालय का संचालन जल्द शुरू करने, शहर को अतिक्रमण मुक्त करने, आवारा गोवंश की लिए समुचित व्यवस्था करने की मांग की गई। साथ ही बिजली की बढ़ी हुई दरों को वापस लेने, कानून व्यवस्था में सुधार करने, महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर अंकुश लगाने, नगर निगम के माध्यम से थोपे जा रहे टैक्सों पर रोक लगाने व बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की समुचित सुरक्षा किए जाने की मांग की है। इस मौके पर मदन सिंह नेगी, राजेश बिष्ट, सुभाष कुकरेती, गोपाल सिंह, अनुसूया प्रसाद सेमवाल, ठाकुर सिंह, प्रमोद रावत, राजमोहन नेगी, शूरबीर खेतवाल, मोहन सिंह नेगी, नंदन सिंह, प्रकाश रावत, बलवीर सिंह, भारत सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# युवाओं को शिक्षा के साथ स्वरोजगार से जोड़ रही सरकार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवनिर्मित पत्रकारिता एवं जनसंचार प्रयोगशाला का शुभारंभ हो गया है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि सरकार युवाओं को शिक्षा के साथ स्वरोजगार से जुड़ने के भी गुर सिखा रही है।

मंगलवार विधानसभा अध्यक्ष ने महाविद्यालय में 4.96 लाख की लागत से नवनिर्मित पत्रकारिता एवं जनसंचार प्रयोगशाला का शुभारंभ किया। कहा कि प्रयोगशाला के माध्यम से छात्र-छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान के साथ आधुनिक पत्रकारिता के सिद्धांतों व विशेषताओं को सीखने का मौका मिलेगा।

वर्तमान युग तकनीकी युग है, इसलिए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक सीखने की ललक अपने भीतर पैदा करनी होगी। कहा कि राज्य सरकार भी लगातार महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ स्वजरोजगार से जोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर प्राचार्य डा. डीएस नेगी, पत्रकारिता की विभागाध्यक्ष डा. प्रीति रानी, पंकज भाटिया, हरि सिंह पुंडीर, हेमंत बिष्ट, प्रीति रानी, संजय द्विवेदी, संजय थलेड़ी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रयोगशाला का शुभारंभ करती विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण

# उच्च शिक्षा और नौकरी के लिए छात्रों का किया मार्गदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**हल्द्वानीः** स्वयं सेवी संस्था उत्तराखंड एडवरटाइजिंग क्लब नई दिल्ली द्वारा अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज हल्दूचौड़ में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्रों को उनके कैरियर कांउसलिंग के साथ उनके भविष्य की पढ़ाई, उच्च शिक्षा की तैयारी व नौकरी की संभावनाओं पर सलाह दी गई।

जीवन कौशल विषय पर आधारित संगोष्ठी में संस्था के मुख्य प्रशिक्षक चंद्र पी. डोभाल द्वारा छात्र-छात्राओं को जीवन कौशल के प्रमुख बिंदुओं जैसे कि व्यक्तित्व विकास, आत्म विश्वास, संचार कौशल, अनुकूलता, सही निर्णय लेना, पारस्परिक संबंध जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने छात्रों को जीवन में आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। अभिभावक संघ के पूर्व अध्यक्ष हेम चन्द्र दुमका ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर होने चाहिए।

राजेंद्र पाण्डेय ने कहा कि समुचित सलाह के बिना जीवन में जिस संघर्ष का सामना पूर्व विद्याथियों को करना पड़ा, उन परिस्थितियों का सामना आज के छात्रों को न करना पड़े इसी विचार को ध्यान में रखते हुए इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पीएस सेंगर, पंकज डोभाल, दीपक बंदूणी, जगदीश भट्ट, बसंत पाण्डेय, जीवन पाण्डेय, भुवन वेला नीरज शर्मा, अशोक चन्द्र भट्ट, हिमानी सनवाल, प्रीति भट्ट आदि मौजूद थे।




# शिक्षक दिवस पर आयोजित होगा पुस्तक वितरण सम्मान समारोह

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत शिक्षक दिवस के मौके पर गोपेश्वर में पुस्तक वितरण सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में चमोली जनपद के 10 साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही इस दौरान जनपद के 108 विद्यालयों को निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। पूर्व सांसद तीरथ सिंह रावत की ओर से शुरू की गई इस पहल से जिले के विद्यालयों में लघु पुस्तकालयों की स्थापना होगी।कार्यक्रम संयोजक मुकेश कुमार ने बताया कि शिक्षक दिवस के मौके पर गीता स्वामी इंटरमीडिएट कॉलेज गोपेश्वर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत द्वारा सहित्यकार ज्योति बिष्ट, मुरली दिवान, रोशनी पोखरियाल, कुलदीप गैरोला, बृजेश रावत, दर्शन सिंह नेगी गढ़देशी, अनुराधा, भगत सिंह राणा 'हिमाद', शशि देवली, दीपक सती 'प्रसाद' व पत्रकार महिपाल गुसाईं को सम्मनित किया जाएगा। इस दौरान जनपद के प्राथमिक, जूनियर और इंटरमीडिएट विद्यालयों में पुस्तकालय स्थापना के लिये पुस्तकों का वितरण भी किया जाएगा।

### चार घंटे बंद रहा केदारनाथ हाईवे

रुद्रप्रयाग : सोमवार रात्रि को हुई तेज बारिश के चलते बांसवाडा में केदारनाथ हाईवे चार घंटे बंद रहा। इस दौरान यात्रियों के साथ ही स्थानीय लोगों को आवाजाही में खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। वहीं जनपद में 22 ग्रामीण मोटरमार्ग मलबा और बोल्डर आने से आवाजाही के लिए बंद चल रहे है। जिससे करीब 35 गांवों का संपर्क प्रभावित हुआ है। बीते सोमवार रात से जनपद में जोरदार बारिश हुई है जिससे लगातार केदारनाथ हाईवे बाधित होने का क्रम जारी है। रुद्रप्रयाग से करीब 30 किमी. आगे गुप्तकाशी और बांसवाड़ा के पास केदारनाथ हाईवे सुबह 6 बजे पहाड़ी से अचानक मलबा बोल्डर आने से मार्ग अवरुद्ध हो गया था। सूचना पर पहुंची एनएच की जेसीबी मशीनों ने पहुंचकर मलबे को हटाने का कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद लगभग 10 बजे तक यातायात वाहनों के लिए खोला जा सका। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। जिससे यात्रियों के साथ ही स्थानीय लोगों को अपने गतंव्य को पहुंचने में खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। (एजेंसी)

# दो वर्ष से फरार चल रहे टप्पेबाज को किया गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पिछले दो वर्षों से फरार चल रहे ईनामी टप्पेबाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। टप्पेबाज पर 25 हजार रुपये का ईमान भी रखा गया था। इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश भी दे रही थी। लेकिन, मोबाइल नंबर व लोकेशन बदलने से यह हत्थे नहीं चढ़ पा रहा था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि सितंबर 2022 को कोटद्वार निवासी लोकमणी डोबरियाल ने पुलिस को तहसील दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि डाकघर में किसी अंजान व्यक्ति ने उनके थैले को काटकर उसमें रखे एक लाख 46 हजार रुपये चोरी कर लिए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज तलाशे तो उसमें एक व्यक्ति धारदार वस्तु से थैला काटते हुए नजर आया। उसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी मौजूद था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षण मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि जांच में टप्पेबाज की पहचान मध्य प्रदेश जिला राजगढ़ ग्राम गुलेखेडी निवासी मोगली सिसौदिया के रूप में हुई। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम गठित की गई। लेकिन, वह हर बार अपना मोबाइल नंबर व लोकेशन बदल देता था। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित बस अड्डे के समीप घूम रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से 60 हजार रुपये भी बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि मोगली सिसोदिया आपराधिक प्रवृति का है। पूर्व में मोगली कई महाराष्ट्र, हिमांचल, मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। वह बस अड्डे, रेलवे स्टेशन व शादियों में बुजुर्ग लोगों को अपना निशाना बनाता था।


पुलिस के हत्थे चढ़ा टप्पेबाज

### आठ शिकायतों का निस्तारण, दस ट्रांसफर

ऋषिकेश। स्थानीय लोगों की समस्याओं के निस्तारण को तहसील दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से 18 लोग शिकायत लेकर पहुंचे। आठ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया है। जबकि अन्य दस शिकायतें संबंधित विभागों को ट्रांसफर कर दिया गया। इस दौरान एसडीएम में शिकायतों के त्वरित निस्तारण के साथ रिपोर्ट भी पेश करने के निर्देश दिए। मंगलवार को तहसील में आयोजित कार्यक्रम में जलभराव, पेंशन, अतिक्रमण और जमीनी विवाद के मामले पहुंचे।

# निःशुल्क योग शिविर में बताए स्वस्थ रहने के तरीके

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पतंजलि योग पीठ की ओर से आयोजित निःशुल्क योग शिविर में साधकों को स्वस्थ रहने के तरीके बताए गए। इस दौरान साधकों ने सूर्योदय से पूर्व उठकर योगाभ्यास करने का भी संकल्प लिया। निंबूचौड़ स्थित एक बारात घर में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक नीरज नेगी ने शिविर में आने वाले लोगों को जंक फूड से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित योग व व्यायाम करना जरूरी है। योगाभ्यास व व्यायाम करने से उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मोटापा, गैस, कब्ज, कमर दर्द, सरवाइकलस्पोडिलाइटिस, एलर्जी दमा, अस्थमा, माइग्रेन, पाइल्स, जोड़ों के दर्द जैसे रोगों से छुटकारा मिल सकता है। इस मौके पर पूर्व पार्षद गीता नेगी, इंदु नौटियाल, सुमन कुकरेती, सोहन लाल भारद्वाज, कांति बिष्ट, सरोज गौड़, सुनीता रावत, सुषमा बिष्ट, सुनीता गुसांई मौजूद रहे।


शिविर में योगाभ्यास करते लोग

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर वाणिज्य विज्ञापन के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई–बोलियाँ **website: www.ireps.gov.in** पर दिनांक **18.09.2024** को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

मुरादाबाद मंडल द्वारा मंडल के हरिद्वार, देहरादून, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, हरदोई, रूरकी एवं बरेली रेलवे स्टेशनों के टिकेट काउंटर पर ड्यूल डिस्प्ले नॉन–इंटीग्रेटेड सिस्टम के माध्यम से वाणिज्य विज्ञापन के अनुबन्ध को 5 वर्षों के आवंटन हेतु खुली निविदा **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **25.09.2024** को आमंत्रित कि जाती है. निविदा जमा करने कि अंतिम तिथि 25.09.2024 को 15:00 बजे है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2737/24

**सम्बन्ध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र नितीश देवरानी एवं उसकी पत्नी यानि मेरी पुत्रवधु श्रीमती नेहा देवरानी पत्नी नितीश देवरानी मेरे कहने-सुनने में नहीं है तथा उनका व्यवहार मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सही नहीं है तथा वह हमारे साथ गाली-गलौच करते रहते है। मैं अपने पुत्र नितीश देवरानी एवं उसकी पत्नी श्रीमती नेहा देवरानी से अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करता हूं तथा उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरे पुत्र निरीश देवरानी एवं उसकी पत्नी श्रीमती नेहा देवरानी के द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के लेन-देन, क्रिया कलाप आदि की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की नहीं होगी। मेरे पुत्र निरीश देवरानी एवं उसकी पत्नी श्रीमती नेहा देवरानी अपने लेन-देन, क्रिया कलाप आदि के लिए स्वयं जिम्मेदार होगें।

विनोद कुमार देवरानी पुत्र श्री एसआर देवरानी निवासी शिब्बूनगर, निकट सिद्धबली कॉलोनी, नयागांव रोड, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।
(0410/21)

## एक नजर

### एसडीआईएमटी संस्थान ने मनाया 16वां स्थापना दिवस मनाया

हरिद्वार। स्वामी दर्शनानन्द इंस्टिट्यूट ऑफ मैंनेजमेंट एण्ड टैक्नोलाजी (एसडीआईएमटी) ने अपना 16वां स्थापना दिवस हवन पूजन के साथ मनाया। संस्थान में गुरुकुलीय परंपरानुसार हेमंत तिवारी ने हवन की महत्ता एवं संस्थान की स्थापना के प्रकाश डाला। बताया कि इस संस्थान की स्थापना आज ही के दिन 3 सितम्बर 2009 को की गयी हैं। संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राचीन शिक्षा के साथ–साथ प्रोफेशनल शिक्षा प्रदान कराना है। संस्थान की निदेशक डॉ. जयलक्ष्मी ने बताया कि इस संस्थान में एमबीए, बीबीए, बीसीए एवं पोलिटेक्निक के कोर्स चल रहें है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अशोक कुमार गौतम, अनुराग गुप्ता, पंकज चौधरी, ऋचा ओहरी, अंजुम, दिव्या राजूपत, दीप्ती, श्वेता, विकास अग्रवाल, साक्षी अग्रवाल, धरणीधर वाग्ले, वर्षा रानी, सुधांशु जगता, अभिलाषा, ज्योति राजपूत, प्रशान्त कुमार, उमेश, आशीष, देवेंद्र रावत के सहित सभी छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

### डकैती कांड में एनसीआर से लेकर हरियाणा तक छापे

हरिद्वार। श्रीबालाजी ज्वेलर्स शोरूम डकैती कांड के खुलासे के लिए हाथ पांव पटक रही पुलिस टीमों ने दिल्ली एनसीआर, पंजाब से लेकर हरियाणा में डेरा डाला हुआ है। पुलिस टीमों का फोकस वारदात को अंजाम देने के आरोपियों को चिन्हित करने पर है। इधर, सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में कई टीमें जुटी हुई हैं। चंद्राचार्य चौक से थोड़ी दूरी पर रविवार को दूरी पर श्रीबालाजी ज्वेलर्स शोरूम में हथियारबंद बदमाशों ने करोड़ों की डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। वारदात को अंजाम देकर दोपहिया वाहन पर सवार आरोपी फरार हो गए थे। घटना के बाद से पुलिस के होश फाख्ता हैं।

### राइंका बेताघाट में स्थानांतरण पर दो शिक्षकों को दी विदाई

नैनीताल। राजकीय अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज बेतालघाट में पूर्व प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र उपाध्याय व प्रवक्ता परमानंद बुधौड़ी का स्थानांतरण होने पर दोनों को मंगलवार को विदाई दी गई। दिनेश उपाध्याय का स्थानांतरण हल्द्वानी और परमानंद बुधौड़ी का स्थानांतरण रामनगर हुआ है। प्रधानाचार्य दीप चंद्र त्रिपाठी और पूरे स्टाफ ने दोनों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर संजय शर्मा, डॉ. संजय सिंह, डॉ. अरविंद मिश्रा, दिलीप फर्त्याल, राजकुमार भंडारी, राजपाल सिंह, सत्यदेव, मोहन लाल, अमिता जोशी, कुंदन कुमार, चंदन सिंह, राजा डोभाल, रघुवर दत्त मौजूद रहे।

### भवाली में बिना पंजीकरण चल रहे क्लीनिक का चालान

नैनीताल। भवाली और ज्योलीकोट में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लीनिकों में छापेमारी की। प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गणेश सिंह धर्मशक्तू के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ऐठानी डेंटल क्लीनिक, श्रीवास्तव क्लीनिक, सिंह डेंटल क्लीनिक, विश्वास क्लीनिक, कांडपाल डेंटल क्लीनिक, कुमाऊं डायग्नोस्टिक, लाइफ केयर, बालाजी मेडिकल स्टोर आदि का निरीक्षण किया। भवाली में एक क्लीनिक अवैध रूप से बिना पंजीकरण संचालित पाया गया ' जिसपर उत्तराखंड नैदानिक स्थापन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई और संबंधित को दो दिनों के भीतर पंजीकरण करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान मनोज बिष्ट, दीपेश कुमार, भुवन आदि रहे।

### डीएसबी में महिला हिंसा संबंधी शिकायतें दर्ज करा सकेंगी छात्राएं

नैनीताल ' महिला हिंसा संबंधी शिकायतें दर्ज कराने को डीएसबी परिसर में कमेटी का गठन किया गया है। इसकी जानकारी मंगलवार को परिसर में आयोजित कार्यशाला में छात्राओं को दी गई। कार्यशाला में अल्मोड़ा एसएसजे विश्वविद्यालय की प्रो. विजया रानी ढौंडियाल ने छात्राओं को समिति में अपनी बात रखने का तरीका, लोगों को इस बारे में जागरूक करने की जानकारी दी गई। उन्होंने लिवइन रिलेशन को युवाओं के लिए खतरा बताया।

छात्राओं को मनोहिंसा, तनाव, महिला हिंसा आदि से बचाव की भी जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि परिसर में नशा मुक्ति कैंप, काउंसिलिंग आदि भी समय–समय पर किया जाएगा। कार्यशाला का संचालन प्रो. चंद्रकला रावत ने किया। इस दौरान परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, डॉ. शशि पांडे, डॉ. हृदयेश कुमार, डॉ. पंकज मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशलिस्ट संविदा चिकित्सकों का बढ़ा वेतन

देहरादून। राज्य सरकार ने प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में संविदा के माध्यम से तैनात सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के वेतन में वृद्धि की मंजूरी दे दी है। नये वेतनमान के निर्धारण से राजकीय मेडिकल कॉलेजों में अब सुपर स्पेशियलिटी एवं रेडियोलॉजी विभागों में फैकल्टी की कमी नहीं रहेगी। सरकार ने मैदानी एवं पर्वतीय क्षेत्रों के लिये सुपर स्पेशलिस्ट एवं रेडियोलॉजिस्ट के वेतनमान का पुनर्निर्धारण किया है। सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेजों में संविदा पर तैनात सुपर स्पेशियलिटी एवं रेडियोलॉजी विभागों की



फैकल्टी के वेतनमान का पुनर्निर्धारण कर बढ़ोत्तरी की है। जिससे पर्वतीय क्षेत्रों के मेडिकल कॉलेजों में आ रही फैकल्टी की कमी को दूर किया जा सकेगा। विभागीय मंत्री ने बताया कि पुनर्निर्धारित वेतनमान के तहत कार्डियोलाजी, नेफ्रोलाजी, न्यूरोसर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, यूरोलॉजी एवं रेडियोलॉजी विभाग में तैनात सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को बढ़ा हुआ वेतनमान दिया जायेगा। जिसके तहत मैदानी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेजों में तैनात प्रोफेसर को अधिकतम 4 लाख रूपये, एसोसिएसट प्रोफेसर को 3 लाख 20 हजार, असिस्टेंट प्रोफेसर को 2 लाख 20 हजार व सीनियर रेजीडेंट को 1 लाख 50 हजार रुपये का मानदेय निर्धारित किया गया है

जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में प्रोफेसर को रूपये 5 लाख , एसोसिएट प्रोफेसर को 4 लाख, असिस्टेंट प्रोफेसर को 3 लाख व सीनियर रेजीडेंट को 2 लाख रुपये तक का अधिकतम मानदेय दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि संविदा के आधार पर तैनात फैकल्टी के कार्य प्रदर्शन के मूल्यांकन के आधार पर मानदेय में प्रतिवर्ष वृद्धि का भी प्रावधान रखा गया है।

# एसबीआई आरसेटी ने ग्रामीणों को दिया 10 दिवसीय प्रशिक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग** : भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी रुद्रप्रयाग द्वारा विकासखंड जखोली मे 31 महिलाओं को 10 दिवसीय अचार, पापड़, मसाला पाउडर बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। 24 अगस्त से आयोजित उक्त प्रशिक्षण का समापन गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक किशन सिंह रावत ने बताया कि एसबीआई आरसेटी ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने प्रशिक्षण ले रही महिलाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध स्वरोजगार की जानकारी देते हुए बैंकिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों तथा चारधाम में आने वाले श्रद्धालु भी हमें बहुत बड़ा बाजार उपलब्ध करा सकते हैं। प्रशिक्षण



के दौरान लीड बैंक अधिकारी चतर सिंह द्वारा डिजिटल बैंकिंग तथा बैंक धोखाधड़ी से रोकथाम के विषय में जानकारी दी गयी। वहीं आरसेटी के डोमेन स्कील ट्रेनर रेनु नेगी ने महिलाओं को विभिन्न प्रकार के अचार जैसे स्थानीय लहसून, नींबू, हरी मिर्च आदि के साथ ही मंडुवा लड्डू सूजी पापड, कंडाली पापड, मंडुवा पापड मंडुवा चाय तैयार करना सिखाया। आरसेटी के प्रशिक्षक वीरेन्द्र सिंह बर्त्वाल ने कहा कि वर्तमान समय में जैविक उत्पादों का मार्केट लगातार बढ़ता जा रहा है और उसमें हमारे पहाड़ी उत्पादों की मांग भी बढ़ती जा रही है।

# 3200 लोगों ने ली हिमालय बचाने की शपथ, कहा-जीवन का आधार है हिमालय

देहरादून। हिमालय बचाव अभियान को लेकर स्कूलों के छात्र–छात्राओं के साथ ही व्यापारिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों में भारी उत्साह दिख रहा है। मंगलवार को देहरादून शहर में सात जगहों पर 3200 लोगों ने हिमालय बचाने की शपथ ली। इस दौरान हुई सभाओं में वक्ताओं ने पॉलीथिन का उपयोग बंद करने के साथ ही पौधरोपण जोर दिया। कहा कि हिमालय ना केवल एक पवर्त है, बल्कि जीवन का आधार है। इससे निकलने वाली नदियां और जलधाराओं का संरक्षण करना भी हम सब की जिम्मेदारी है।

हिमालय बचाओ अभियान से जुड़ा सोशल बलूनी स्कूल : हरिद्वार बाईपास स्थित सोशल बलूनी स्कूल में एक हजार छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक–शिक्षिकाओं ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ ली। शिक्षक एसएस नेगी ने सभी को शपथ दिलवाई। प्रधानाचार्य पंकज नौटियाल ने हिन्दुस्तान के अभियान को सराहा। उन्होंने छात्र–छात्राओं से पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने एवं उनका संरक्षण करने, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने समेत ऊर्जा संरक्षण का आह्वान किया। इस दौरान शिक्षक हेमंत पांडेय, डॉ. अनामिका, नीलम शर्मा, अंजली बंगवाल आदि मौजूद रहे।

डीएवी में छात्रों के साथ एनसीसी कैडट ने ली प्रतिज्ञाः डीएवी महाविद्यालय में हिमालय बचाओ अभियान के तहत मंगलवार को छात्र–छात्राओं ने प्रतिज्ञा ली। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.सुनील कुमार ने प्रतिज्ञा दिलवाई। इसमें महाविद्यालय के एनीसीसी छात्र–छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। इस मौके पर एनसीसी प्रभारी मेजर अतुल सिंह, प्रो. गोपाल छेत्री, प्रो. आरके शर्मा मौजूद रहे। स्पोर्ट्स कॉलेज में भोर में गूंजी हिमालय प्रतिज्ञाः सोमवार को प्रदेशभर के कई स्कूलों में हिमालय प्रतिज्ञा हुई। सभी जगहों पर छात्र–छात्राओं में हिमालय बचाओ अभियान से जुड़ने को लेकर उत्साह देखा गया। सोमवार को प्रदेशभर में सबसे पहले महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून में हिमालय प्रतिज्ञा दिलाई गई। यहां 5:30 बजे छात्र कॉलेज परिसर में जुट गए थे। प्रधानाचार्य राजेश ममगाईं ने ब्रह्म मुहुर्त में शपथ दिलाई। ममगाईं ने कहा यदि हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं, तो यह सब हमारे पर्यावरण, पेड़–पौधों और हिमालय की ही देन हैं।

# हर व्यक्ति को कानूनी अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक : न्यायमूर्ति तिवारी

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी, जज उच्च न्यायालय नैनीताल की उपस्थिति में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। हर व्यक्ति को अपने कानूनी अधिकारों के बारे में पता होना आवश्यक है, ताकि कानून की जानकारी के अभाव में कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित न रह जाए।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के संयुक्त तत्वाधान में गोविंद बल्लभ पंत इंजीनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति मनोज कुमार



तिवारी, जज नैनीताल उच्च न्यायालय ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों को विधिक जानकारी देना है। कहा कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक प्राधिकरण और राष्ट्रीय विधिक प्राधिकरण द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनमानस को उपलब्ध कराया जाता है। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न एनजीओ के माध्यम से लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाता है। प्राधिकरण द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस और हरेला दिवस पर वृक्षारोपण का आयोजन भी किया जाता है। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिविरों के माध्यम से एंटी ड्रग, चाइल्ड एब्यूज और साइबर क्राइम के संबंध में भी जानकारी दी जाती है। कार्यक्रम में सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार मणी ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद में प्राविधिक स्वयं सेवी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाता है। साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि जनपद स्तर पर महीने में कम से कम एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाए, जिसमें कमजोर तबके के लोग, महिलाएं, बच्चे, दिव्यांग और अन्य जरूरतमंदों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जा सके।

# सीडीओ अभिनव शाह ने तहसील दिवस पर नारायणबगड़ में सुनी फरियादियों की समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में मंगलवार को नारायणबगड़ ब्लाक सभागार में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में 107 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि तहसील दिवस पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें। विशेषकर आपदा राहत से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें और शिकायतकर्ता को भी दूरभाष पर अवगत काराया जाए।

उन्होंने कहा कि जिन कार्यों के लिए अतिरिक्त बजट की आवश्यकता है, उनको पूरा करने के लिए समयबद्धता के साथ कार्रवाई की जाए।

तहसील दिवस में पंती, भटियाणा, सणकोट, झिंझोडी, हरमनी, नारायणबगड, कुलसारी, थराली, लोल्टी आदि दूर दराज



गांवों से पहुंचे फरियादियों ने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल, क्षतिग्रस्त पैदल मार्ग, पुलिया निर्माण, मनरेगा, जंगली जानवरों की समस्या, आर्थिक सहायता, सामाजिक पेंशन आदि से जुड़ी विभिन्न समस्या और शिकायतें सीडीओ के समक्ष रखी। तहसील दिवस में ग्राम लोल्टी से बडी संख्या में पहुंची महिलाओं ने लोल्टी में खुली नई शराब की दुकान का विरोध करते हुए तत्काल बंद कराने की मांग की, जिस पर सीडीओ ने एसडीएम को जांच करने के निर्देश दिए। परखाल-सिलोडी मोटर मार्ग, मींग गधेरा-डांगतोली मोटर मार्ग, चोपता-नलगांव मोटर मार्ग और कुलसारी-आलाकोट मोटर मार्गों पर नाली, स्कवर और मलबे का उचित निस्तारण न किए जाने और सडक बाधित होने की शिकायत पर निर्माणदायी संस्थाओं को तत्काल सड़कों को सुचारू करने के निर्देश दिए। नारायणबगड़ तहसील क्षेत्र में राजस्व उपनिरीक्षक की कमी और तहसील से खाता खतौनी न मिलने की शिकायत पर सीडीओ ने बताया कि प्रशिक्षण पूरा होने पर जल्द ही राजस्व उपनिरीक्षकों की कमी दूर की जाएगी। पीएचसी नारायणबगड़ में गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी न कराए जाने और सीएचसी थराली में अल्ट्रासाउंड न होने की समस्या के निराकरण हेतु सीएमओ को नियमित निरीक्षण एवं मानिटरिंग के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। तहसील दिवस में ब्लाक प्रमुख यशपाल सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी अबरार अहमद, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, सीएमओ डा. अभिषेक गुप्ता, खंड विकास अधिकारी पन्ना लाल सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# एम्स के डॉक्टरों ने बच्चों को किया सम्मानित

ऋषिकेश। जनजागरूकता कार्यक्रम के तहत एम्स ऋषिकेश के डाक्टरों ने मंगलवार को कुछ बच्चों के साथ न केवल अपनी मुस्कुराहट बांटी बल्कि उन्हें खेल–खिलौने देकर पुरस्कृत भी किया। ये सभी वो बच्चे हैं, जिन्हें जन्मजात दिल की बीमारियां थीं और एम्स के सीटीवीएस विभाग में इलाज होने के बाद अब वह खुशनुमा स्वस्थ जीवन बिता रहे हैं।

एम्स में हृदय, छाती एवं रक्त वाहिनी शल्य चिकित्सा विभाग (सीटीवीएस) के अधीन जन्मजात दिल की बीमारियों से ग्रसित छोटे बच्चों का इलाज भी किया जाता है। ठीक होने के बाद अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे ऐसे बच्चों को सीटीवीएस विभाग द्वारा एक कार्यक्रम के तहत सम्मानित किया गया। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वो जन्मजात दिल की बीमारियों से ग्रसित बच्चों को बोझ न समझें। बच्चे भगवान का रूप होते हैं। जन्मजात बीमारियों का यदि समय रहते इलाज करवा दिया जाय तो आगे चलकर ऐसे बच्चे भी खुशहाल जीवन जी सकते हैं। उन्होंने कहा कि दिल की जन्मजात बीमारियों वाले बच्चों का एम्स ऋषिकेश में सम्पूर्ण इलाज उपलब्ध है। यह इलाज सरकार की योजना के तहत निःशुल्क किया जाता है।

सीटीवीएस विभाग की एडिशनल प्रोफेसर और कार्यक्रम की आयोजन अध्यक्ष डॉ. नम्रता गौर ने बताया कि जन्मजात बीमारियों में शरीर का रंग अचानक नीला पड़ना और दिल मे छेद का होना प्रमुख तौर से शामिल हैं। दोनों ही बीमारियां घातक हैं।

# केवि आईटीबीपी ने जीती युवा संसद प्रतियोगिता

देहरादून। केंद्रीय विद्यालय नंबर दो हाथीबड़कला में चल रही संभागीय युवा संसद प्रतियोगिता मंगलवार को खत्म हो गई। दो दिन की इस प्रतियोगिता में केवि आईटीबीपी विजेता रहा। जबकि केवि ओएनजीसी की टीम दूसरे और केवि पिथौरागढ़ की टीम तीसरे स्थान पर रही। इस दौरान सांसद बने छात्रों ने देश से जुड़े ज्वलंत मुद्दे उठाए। उन्होंने जाना कि कैसे चालाना और टोल टैक्स से जमा होने वाले शुल्क का प्रयोग किया जाता है। अंतिम दिन केवि रुड़की, केवि भेल हरिद्वार और केवि हल्द्वानी के मध्य युवा संसद प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। युवा सांसदों ने पूछा एनपीएस एवं सेवानिवृत्त लोगों के लिए सरकार क्या कर रही है। देश भर की अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या काफी ज्यादा है, न्याय पाने में लोगों को काफी वक्त लगता है इसके सुधार के लिए सरकार क्या कर रही है। जवाब में सरकार ने अपनी सभी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही बताया, यातायात से प्राप्त शुल्क को नई सड़क बनाने में, दुर्घटना में मुआवजा देने के लिए प्रयोग कर रही है। सरकार ने अदालतों के लंबित मुकदमों के जवाब में कहा, सरकार ने 150 वर्ष पूर्व पुराने कानून को सही करने के लिए नई न्याय संहिता के तहत 177 धाराओं को बदला है।

## तीन नई नगर पंचायतों में नए मतदाता बनाने को चलेगा अभियान

देहरादून। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नवसृजित तीन नगर पंचायत गुप्तकाशी, नंदानगर घाट और मुनस्यारी के लिए निर्वाचन नामावली के लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके तहत वोटर लिस्ट का पुनरीक्षण और नए वोटर बनाने का काम किया जाएगा। इसके लिए घर–घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इससे पूर्व सरकार की ओर से 91 निकायों में वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। पुनरीक्षण का यह कार्य नौ सितंबर से शुरू होगा। 12 सितंबर को इस कार्य में लगे कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# राजभवन में हुआ वित्तीय एवं कर साक्षरता पर एक सेमिनार का आयोजन

देहरादून। मंगलवार को राजभवन में वित्तीय एवं कर साक्षरता पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के सहयोग से आयोजित इस सेमिनार में सीए अभिजीत कोलापकर ने उपस्थित लोगों को वित्तीय प्रबंधन और कराधान संबंधित जानकारियां दीं। इस दौरान उन्होंने बैंकिंग प्रणाली और सरकार की ऋण योजनाओं, वित्तीय संकट और इससे निपटने के तरीके, धन प्रबंधन, सेवानिवृत्ति और उत्तराधिकार योजना, बचत और निवेश आदि के बारे में जानकारियां साझा की। सेमिनार में प्रतिभाग करते हुए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा कि वित्तीय साक्षरता केवल व्यक्तिगत समृद्धि के लिए ही नहीं, बल्कि



समग्र आर्थिक विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। समाज को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए नागरिकों का वित्तीय और कर संबंधी समझ और ज्ञान होना जरूरी है। हम सभी का यह दायित्व है कि हम स्वयं वित्तीय और कर साक्षरता को अपनाएं और साथ ही अपने परिवार, मित्रों और समाज में इसे प्रोत्साहित करें। आज का यह सेमिनार इसी उद्देश्य से आयोजित किया गया उन्होंने कहा कि हमारे देश में अभी भी बड़ी संख्या में लोग ऐसे हैं, जिन्हें वित्तीय प्रबंधन, निवेश, बचत, और कराधान की जानकारी का अभाव है। इस कारण वे अपनी आय का प्रभावी ढंग से प्रबंधन नहीं कर पाते और न ही वे अपने भविष्य के लिए उचित योजना बना पाते हैं। हमें अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय साक्षरता की जानकारी देनी होगी।

राज्यपाल ने आईसीएआई से कहा कि वे लोगों को इसके लिए जागरूक और उनकी समझ विकसित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वयं सहायता समूह अपने उत्पादों से अच्छी आमदनी कर रहें हैं उन्हें भी इस तरह के प्रशिक्षण और जागरूक करने के प्रयास किए जांए। उन्होंने आईसीएआई से प्रदेश में चल रहे स्टार्टअप, नए उद्यमियों और युवाओं को भी वित्तीय और कर संबंधित जानकारी प्रदान करने का आह्वान किया।

# डीएम ने तहसील दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याएं

## तहसील दिवस में आठ शिकायतें दर्ज, पांच निस्तारित

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग** : जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में तहसील सभागार रुद्रप्रयाग में मुख्यमंत्री जन समर्पण दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 8 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें 5 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष शिकायतों को निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।माह के प्रथम मंगलवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन समर्पण दिवस (तहसील दिवस) के अवसर पर पीड़ा के प्रधान अुर्जन सिंह नेगी ने पीड़ा गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या से



निस्तारण करने तथा पीड़ा गांव के लाटू तोक में विद्युत लाइन बिछाते हुए इस क्षेत्र को विद्युतीकरण करने की मांग की। राजमोहन बिष्ट सहित अमसारी के ग्रामीणों ने काश्तकारों द्वारा वर्ष 2020 से नहर के पुनरोद्धार की मांग पर अभी तक किसी भी तरह की कार्यवाही न होने की शिकायत दर्ज की। सच्चिदानंद निवासी सुनीत चौधरी ने नगर क्षेत्र में बनी नालियों के क्षतिग्रस्त होने से दुर्घटना की आशंका से अवगत कराया गया। गंगतल के ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यालय से तोक डोरा तक करीब 100 मीटर रास्ता व पुलिया निर्माण करने की मांग की। इस तरह फरियादियों द्वारा कुल 8 शिकायतें दर्ज की गई। इनमें 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण जबकि अन्य शिकायतों को निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, अधिशासी अभियंता जल निगम नवल कुमार सहित फरियादी मौजूद रहे।

## मनोरंजन और आराम के केंद्र पार्क बदहाल

ऋषिकेश। शहर में मनोरंजन और आराम के केंद्र पार्क बदहाल हैं। सौंदर्यीकरण से लेकर मरम्मत के लिए नगर निगम प्रशासन कोई कार्रवाई करता नहीं दिख रहा है, जिससे यहां सैर–सपाटे के लिए पहुंचने वाले स्थानीय लोगों के साथ बच्चों को दिक्कतों का सामाना करना पड़ा रहा है। कई पार्कों में सफाई नहीं होने से कीचड़ जमा है, तो डस्टबिन तक टूटे हुए हैं। कुर्सियों खुद के ही बोझ में झूल रही हैं। मनोरंजन के संसाधन के अभाव में बच्चों ने भी इन पार्कों का रूख करना बंद कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि नगर निगम की आंगन में ही दीनदयाल उपाध्याय पार्क बदहाली पर आंसू बहा रहा है, लेकिन इसी पार्क से चंद कदमों की दूरी पर बैठने वाले निगम के अधिकारियों को यह नहीं दिख रहा है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com